हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025



तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री

न्यूनतम 25.1 डिग्री



चिल्हाटी मोपका स्थित दोमुहानी एनीकट का पानी कम हुआ। बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई एनीकट की सर्विस रोड।

## खबर संक्षेप

### 51 हजार अभ्यर्थियों को दिया जाएगा नियुक्ति पत्र आज

**बिलासपुर।** रेलवे में नियुक्ति के लिए 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण शनिवार को किया जाएगा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 12 जुलाई शनिवार को देश के 47 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में करीब 51 हजार से अधिक बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण करने के साथ उन्हें संबोधित भी करेंगे। बिलासपुर में यह रोजगार मेला शनिवार की सुबह 10 बजे रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट प्रांगण में आयोजित होगा, जिसमें केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

### नलकूप खनन पर लगी रोक हटाई गई

**बिलासपुर।** नलकूप खनन पर जिला प्रशासन द्वारा तीन माह पूर्व लगाई गई रोक हटा ली गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस आशय का आदेश 8 जुलाई को जारी किया है। गौरतलब है कि भीषण गर्मी एवं जलाभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने गत 7 अप्रैल को जलाभाव क्षेत्र घोषित करते हुए नलकूप खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया था। पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के अंतर्गत यह प्रतिबंध लगाया गया था। चूंकि जिले में मानसून सक्रिय होने के बाद लगातार वर्षा हो रही है। वर्तमान में कृषकों द्वारा ग्रीष्मकालीन फसल के लिए उपयोग किए जा रहे मोटर पंपों से सिंचाई बंद करने तथा विगत दिनों से बारिश होने के कारण भूजल स्तर में गिरावट परिलक्षित नहीं हुई है। इसलिए नलकूप खनन पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा लिया गया है।

चुचुहियापारा अंडरब्रिज



पानी निकासी नहीं होने के कारण बारिश का पानी अब तक नहीं निकल पाया है।

### बारिश ने दी थोड़ी राहत अलर्ट बरकरार

**बिलासपुर।** बारिश ने शुक्रवार को थोड़ी राहत दी, इस दौरान महज हल्की-फुल्की बारिश ही दर्ज की गई। वहीं जिले के कुछ ब्लॉकों में आधे-पौन घंटे तक अच्छी बारिश हुई लेकिन शहर में बुंदाबादी की नजर आई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 26 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है, वहीं अबतक 349 मिमी बारिश हो चुकी है। जानकारों के अनुसार अगले 5 दिन मानसून कमजोर पड़ सकता है। बारिश थोड़ी थमी रही,इस दौरान महज बुंदाबांदी ही होती रही, जिससे लोगों ने बड़ी राहत के तौर पर देखा, दरअसल पिछले डेढ़ हफ्ते से बारिश जारी है, दोपहर बाद झमाझम बारिश होने से शहर तरबतर हो जाता है और नालो का प्रवाह सड़कों तक फैल जाता है, लेकिन शुक्रवार को इससे राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिन बारिश की तीव्रता में कमी आएगी। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री दर्ज किया गया हालांकि चक्रवाती हवाओं की मौजूदगी बनी हुई है और निम्न दबाव के कारण हवाओं का रूख प्रदेश की ओर आ रहा है, जिससे बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

# स्टेट जीएसटी का 25 से अधिक जगहों पर छापा, 10 करोड़ की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेट जीएसटी की टीम ने 25 से अधिक जगहों पर छापा मारा है। टीम ने गुटखा, जूता, कार्पोरेट, कपड़ा एंव ट्रेडिंग फर्मों के बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़ और जगदलपुर में ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान तलाशी में बोगस बिलिंग, कच्चे में लेनदेन और जीएसटी चोरी करने के दस्तावेज मिले। जांच के दौरान लगातार गड़बड़ी मिलने पर उक्त फर्मों के संचालकों पर 10 करोड़ रुपए की पेनाल्टी लगाई जा रही है। कारोबारी ठिकानों पर मिले खातों, बिलों, स्टॉफ रजिस्टर और अन्य व्यावसायिक रिकॉर्ड को खंगालते हुए लगातार कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया है। अब फाइनल रिपोर्ट तैयार हो रही है।

छापेमारी के दौरान अधिकारियो को बोगस बिलिंग, कच्चे में लेनदेन और जीएसटी चोरी करने के दस्तावेज मिले। जांच के दौरान लगातार गड़बड़ी मिलने पर उक्त फर्मों के संचालकों को नोटिस भी जारी किया गया है। तलाशी के दौरान बिल बुक्स और दूसरे दस्तावेज जब्त किए गए हैं। जीएसटी इंटेलिजेंस को यह भी जानकारी मिली है कि उक्त फर्मों के डीलरों ने जीएसटी टैक्स जमा नहीं किया है।

जानकारी के आधार पर व्यापार विहार और सिरगिट्टी में पान मसाला और खाद्य सामग्री के दुकानों और गोदामों पर टीम पहुंची। यहां बहुत से काम अवैध रूप से हो रहे थे। दस्तावेजों में गड़बड़ी मिलने के साथ ही निर्धारित स्टॉक से ज्यादा का सामान मिला। वहीं इसकी खरीद-फरोत में कच्चे में काम करने और टैक्स चोरी करने के दस्तावेज मिले।





- गुटखा, जूता, कार्पोरेट, कपड़ा ट्रेडिंग फर्मों के ठिकानों पर ली गई तलाशी
- खातों, बिलों, स्टॉफ रजिस्टर और रिकॉर्ड को खंगाला गया फाइनल रिपोर्ट तैयार

### बोगस इनपुट टैक्स का लाभ लिया गया

अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से संचालित जीएसटी पोर्टल के अनुसार इनका रिस्क स्कोर 10 आ रहा था। जब मौके पर जांच टीम पहुंची तो, देखा कि उनके व्यवसाय स्थल पर व्यवसाय से संबंधित कोई भी लेखा पुस्तक या कोई भी सॉफ्टवेयर जैसे कि टैली का संधारण नहीं पाया गया। जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर करोड़ों में है लेकिन उस पर कर का नगद भुगतान जीरो है। इसके साथ ही जब ई-वे बिल की जांच की गई तो पता चला कि माल का विक्रय आम उपभोक्ता को किया गया है, लेकिन बिल को अन्य व्यवसायियों को बेचकर बोगस इनपुट टैक्स का लाभ दिया गया है।

### ड्रायफ्रूट, जूता दुकान, ट्रांसपोर्टर के यहां दबिश

जीएसटी की टीम ने इसके साथ ही दो थोक ड्रायफ्रूट व्यापारी की दुकान और गोदाम में छापेमारी की। यहां दस्तावेज खंगाले गए। दोनों दुकानों में टैक्स चोरी के साथ ही गड़बड़ी मिली है। टीम ने दोनों दुकानों से दस्तावेज, कंप्यूटर, लैपटॉप और हिसाब-किताब की डायरी जब्त की है। दोनों जगहों पर मिले कम्प्यूटर सिस्टम को भी टीम के सदस्यों ने खंगाला। घंटों चली इस छानबीन में टीम ने बिक्री से जुड़े बिल, वाउचर और डिजिटल डेटा की गहन पड़ताल की है। विभाग को लंबे समय से इन दुकानों में कर चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर स्थित ट्रांसपोर्टर के ऑफिस में भी छापा मारा गया। यहां भी पूरे दिन टीम ने दस्तावेज, रिटर्न आदि से जुड़े दस्तावेजों की जांच की।

### बिना टैक्स दिए कारोबार नहीं होगा

पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है कि बिना टैक्स दिए कारोबार नहीं हो पाएगा। यही वजह है कि पिछले तिमाही में छत्तीसगढ़ देश के उन टॉप राज्यों में शामिल था, जहां से केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा जीएसटी का कलेक्शन कर दिया गया है। इस बार की तिमाही में भी यह रिकार्ड बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है। सभी कारोबारियों से कहा जा रहा है कि वे कोई भी टैक्स लंबित न रखें।

- टीएल ध्रुव
स्पेशल कमिश्नर, जीएसटी

### राज्यपाल ने जताई नाराजगी, कहा- यूनिवर्सिटी के खिलाफ इतनी शिकायत क्यों

# कुलपति, रजिस्ट्रार का आलीशान दफ्तर देख अचरज में पड़ गए कुलाधिपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे राज्यपाल व कुलाधिपति रमेन डेका से स्टूडेंट्स और छात्र संगठनों ने जमकर शिकायत की, निरीक्षण के के दौरान राज्यपाल कुलपति व रजिस्ट्रार के आलीशान दफ्तर को देखकर चकित हो गए, उन्होंने यहां तक कह दिया कि हमारा तो

छोटा सा आफिस है, निरीक्षण के बाद उन्होंने विवि के कुलपति, रजिस्ट्रार व अधिकारियों की बैठक में राज्यपाल ने नाराजगी जताते हुए पूछा कि यूनिवर्सिटी के खिलाफ इतनी अधिक शिकायत क्यों की जा रही है।

प्रधानमंत्री के विकसित भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्यपाल रमेन डेका प्रदेश की सभी यूनिवर्सिटी का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे आज अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी निरीक्षण करने पहुंचे थे। यूनिवर्सिटी कैंपस में पहुंचते ही पहले उन्होंने बाहर खड़े छात्र-छात्राओं, छात्र संगठनों की शिकायत व समस्याएं सुनी, उसके बाद कैंपस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुलपति आफिस एवं रजिस्ट्रार आलीशान दफ्तर देखकर कहा कि इतना बड़ा आलीशान दफ्तर और उसके भीतर भी अलग से केबिन क्यों है, उसका क्या उपयोग है ? राज्यपाल ने तो यहां तक टिप्पणी कर दी कि हमारा तो छोटा सा आफिस है, आकर देखिए। राज्यपाल के मूड को देखते हुए यूनिवर्सिटी के अधिकारी-कर्मचारी भी सकते में रहे। निरीक्षण के बाद राज्यपाल ने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों समेत टीचिंग स्टाफ की मीटिंग भी ली और प्राध्यापकों से काफी चर्चाएं भी की। इस निरीक्षण के दौरान राज्यपाल के अवर सचिव श्रीमती अर्चना पाण्डेय, संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी, रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छात्रों ने लगा दी शिकायतों की झड़ी

राज्यपाल रमेन डेका के अटल यूनिवर्सिटी निरीक्षण में पहुंचने की खबर लगते ही यूटीडी के छात्र-छात्राएं भी अपनी समस्या लेकर प्रशासनिक भवन के सामने एकत्रित हो गए थे। डीपी विप्र कालेज के मामले को लेकर एक दूसरा छात्र गुट वहां पहले से मौजूद था। राज्यपाल श्री डेका यूनिवर्सिटी मेनगेट से जैसे ही भीतर पहुंचे, वहां कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी सहित यूनिवर्सिटी के अधिकारी गुलदस्ता लेकर उनके स्वागत के लिए खड़े थे, किन्तु राज्यपाल गाड़ी से उतरकर पहले विद्यार्थियों की भीड़ के पास मिलने पहुंच गए। राज्यपाल को अपने सामने देख छात्रों ने उनके समक्ष शिकायतों की झड़ी लगा दी। उन्होंने यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी, पढ़ाई की खराब स्थिति, वित्तीय शक्तियों का दुरुपयोग, रूसा फंड का दुरुपयोग, खराब निर्माण कार्य आदि अनियमितता संबंधी शिकायत की। राज्यपाल ने विद्यार्थियों की शिकायत सुनने के बाद उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया। राज्यपाल से मिलकर शिकायत करने वालों में एलुमनी एसोसिएशन सचिव सूरज राजपूत सहित यूटीडी के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



### स्थानीय प्रोफेसरों को कुलपति बनने का अवसर मिले

अटल यूनिवर्सिटी में बैठक लेते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी सहित टीचिंग स्टाफ से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम के अनुरूप यूनिवर्सिटी शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि सहायक प्राध्यापकों को समय पर प्रमोशन दिया जाए, ताकि प्रोफेसरों के पद पर दस साल का अनुभव होने के बाद छत्तीसगढ़ के प्रोफेसरों को कुलपति बनने का अवसर मिल सके। उन्होंने यूनिवर्सिटी के प्राध्यापकों और छात्रों के बीच बेहतर तालमेल पर बल दिया साथ ही शैक्षणिक वातावरण पर ध्यान देने कहा। राज्यपाल श्री डेका ने यूनिवर्सिटी विभागाध्यक्षों से अध्ययन प्रभाग में पाठ्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए नए कोर्स प्रारंभ करने एवं छात्र संख्या में वृद्धि करने के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। इसी तरह शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त किए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के संरचना के अनुरूप अध्ययन, अध्यापन की सुविधा सुनिश्चित की जाए तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन करने के निर्देश भी दिए।

### पीएम रूसा की टीम ने किया एयू का निरीक्षण

अटल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को पीएम रूसा की टीम भी निरीक्षण करने पहुंची थी। यह टीम दिल्ली से आई थी और यूनिवर्सिटी में रूसा से मिलें फंड के उपयोग की जानकारी ली तथा निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। अटल यूनिवर्सिटी की कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित जो नया भवन बना है, उसके लिए पीएम रूसा से ही लगभग 20 करोड़ राशि यूनिवर्सिटी को मिली थी। इस राशि से यूनिवर्सिटी की पांच मंजिला भवन बना है जिसमें वर्तमान में यूनिवर्सिटी संचालित हो रहा है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी में अभी और भी निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं जिसके लिए यूनिवर्सिटी को फंड की आवश्यकता होगी। इसलिए रूसा की टीम आज दिल्ली से निरीक्षण करने अटल यूनिवर्सिटी पहुंची थी। रूसा की पांच सदस्यीय टीम ने यूनिवर्सिटी के सभी डिपार्टमेंट, भवनों का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी ली है।



आटोनामस मामले को लेकर कुलपति कक्ष में दिया धरना

# डीपी कालेज के छात्रों ने एयू का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायालय के फैसले के बाद भी डीपी विप्र कालेज को आटोनामस कालेज का दर्जा नहीं दिए जाने के मामले को लेकर शुक्रवार को आशीर्वाद पैनल के छात्रों ने अटल यूनिवर्सिटी का घेराव किया। छात्रों की भीड़ कुलपति अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी के कक्ष में धरने पर बैठ गई थी। इसी दौरान प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका निरीक्षण में यूनिवर्सिटी पहुंचे तो छात्रों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए उनके समक्ष पूरी बात रखी।

- निरीक्षण पर एयू पहुंचे राज्यपाल को छात्र संगठन ने सौंपा ज्ञापन

अटल यूनिवर्सिटी और डीपी विप्र कालेज के बीच आटोनामस का दर्जा को लेकर विवाद चल रहा था। यूजीसी द्वारा कालेज को आटोनामस की मान्यता प्रदान कर दी गई है, किन्तु अटल यूनिवर्सिटी ने अभी तक एनओसी अधिसूचना जारी नहीं की है। इस मामले को लेकर डीपी विप्र कालेज उच्च न्यायालय भी गई थी और उच्च न्यायालय ने यूनिवर्सिटी के आपत्ति को खारिज करते हुए 8 मई 2025 को फैसला दिया था, जिसमें कालेज को 30 दिनों के भीतर स्वायत्त शासी घोषित करने कहा गया था। सिंगल बेंच के इस आदेश को अटल यूनिवर्सिटी ने उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच में अपील की थी। डिवीजन बेंच ने भी यूनिवर्सिटी की अपील खारिज करते हुए डीपी विप्र कालेज को आटोनामस की अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच का यह फैसला 30 जून 2025 को आया था, उसके बाद से अभी तक यूनिवर्सिटी ने डीपी कालेज स्वायत्त शासी घोषित करने अधिसूचना जारी नहीं की है। इसलिए डीपी विप्र कालेज के आशीर्वाद पैनल के छात्रों की भीड़ आज यूनिवर्सिटी का घेराव करने पहुंची थी। छात्रों की भीड़ नारेबाजी करते हुए कुलपति कक्ष पहुंच गई और वहां धरने पर बैठ गई। धरना देने वालों में मनीष मिश्रा, समर्थ मिरानी, राहुल समुद्र, अखिलशे साहू, गवेद्र कोसले, विकास विश्वकर्मा, प्रदमन यादव, शुभ उपाध्याय, चंद्रेश बंजारे, निखिल सिंह, हेमराज, नंदनी शर्मा, हेल्सियन कांत, तेजस्विनी, तंजिम बेगम, मीनाक्षी, उर्वशी, सीया, नैना तिवारी आदि छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### छात्रों ने भूख हड़ताल की दी चेतावनी

छात्रों ने कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी से डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा दिए जाने की मांग रखी, जिस पर कुलपति ने एक माह का समय दिए जाने की बात कही, जिससे छात्र नाराज हो उठे काफी देर तक बहसबाजी चलती रही। इसके बाद छात्रों ने आटोनामस की अधिसूचना तीन दिनों के भीतर जारी करने अन्यथा भूख हड़ताल में बैठने की चेतावनी देकर बाहर आए।

### राज्यपाल से की शिकायत

शुक्रवार को यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करने प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका पहुंचे। राज्यपाल ने छात्रों की भीड़ देखकर स्वयं उनसे मिलकर उनकी समस्या पूछी, जिस पर छात्रों ने उन्हें अपनी बातों से अवगत कराया। राज्यपाल ने छात्रों से उच्च न्यायालय के निर्णय की प्रतियां मांगी और मौके पर ही उसका अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने मौके पर उपस्थित कलेक्टर संजय अग्रवाल को उचित कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए।

### पूरे प्रदेश में संचालित गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की जांच कर रिपोर्ट मांगी

# बिना मान्यता वाले स्कूलों में प्रवेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में बिना मान्यता के चल रहे निजी स्कूलों में एडमिशन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने यह आदेश निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया। याचिका में हस्तक्षेपकर्ता विकास तिवारी की ओर से यह तर्क रखा गया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2013 में लागू विनियम के अनुसार, नर्सरी से केजी-2 तक की कक्षाएं संचालित करने वाले सभी गैर शासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। उच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन छात्रों का प्रवेश पहले से हो चुका है, वह निरस्त नहीं किया जाएगा। अदालत ने कहा कि इस आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि पहले से दाखिल छात्रों और उनके अभिभावकों को कोई कठिनाई न हो। विभाग को यह निर्देश भी दिया गया कि ऐसे छात्रों की याचिकाओं को स्वीकार की जाए। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी। न्यायालय ने शिक्षा सचिव को यह निर्देश भी दिया है कि पूरे प्रदेश में संचालित गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाए।





- शिक्षा सचिव को व्यक्तिगत शपथ पत्र प्रस्तुत करने कहा

30 जून 2025 को हुई पिछली सुनवाई में न्यायालय ने लोक शिक्षण विभाग के संचालक को व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसके पालन में 11 जुलाई 2025 को प्रस्तुत शपथपत्र में विभाग ने कहा कि केवल कक्षा पहली से ऊपर की कक्षाओं के लिए मान्यता जरूरी है, जबकि नर्सरी से केजी-2 तक की शालाओं को मान्यता की आवश्यकता नहीं है।

इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संदीप दुबे और मानस वाजपेयी ने शपथपत्र का खंडन करते हुए कहा कि शासन द्वारा 7 जनवरी 2013 को लागू किए गए नियम में स्पष्ट है कि सभी कक्षाएं, चाहे नर्सरी हो या केजी-2, मान्यता के दायरे में आती हैं। शिक्षा विभाग द्वारा दाखिल शपथपत्र में यह भी स्वीकार किया गया कि कई स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं और आवेदन लंबित हैं।

### प्रदेश में हजारों स्कूल मान्यता विहीन

लोक शिक्षण विभाग की ओर से प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, पूरे छत्तीसगढ़ में

| | | |
|---|---|---|
| नर्सरी से केजी-2 तक की शालाएं | : | 72 |
| नर्सरी से प्राथमिक तक की शालाएं | : | 1391 |
| नर्सरी से पूर्व माध्यमिक शालाएं | : | 3114 |
| नर्सरी से उच्चतर माध्यमिक शालाएं | : | 2618 |

इनमें से कई स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं, जो कि कानूनन गलत है।

### पुस्तक खरीदने दबाव बना रहे स्कूल

प्रकरण में आगे सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता सी.वी. भगवंत राव के अधिवक्ता देवर्षि ठाकुर ने हाईकोर्ट को बताया कि प्राईवेट स्कूल एसोशिएसन अभिभावकों को अत्यधिक मंहगे निजी पब्लिकेशन के पुस्तकों को क्रय करने का दबाव बना रहे है। जिससे अभिभावकों को आर्थिक नुकसान का उठाना पड़ रहा है। याचिका में कहा गया कि कुछ निजी स्कूल, कोर्ट से मिली अंतरिम राहत का दुरुपयोग करते हुए महंगी निजी पुस्तकों को खरीदने का दबाव अभिभावकों पर बना रहे हैं। कोर्ट ने इस मामले में भी सरकार से जवाब मांगा है।

### आखिर स्कूल संचालित कैसे हो रहे

खंडपीठ ने शिक्षा विभाग के सचिव को अगली सुनवाई से पहले व्यक्तिगत शपथपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट करने का आदेश दिया है कि आखिर 2013 के नियमों के बावजूद बिना मान्यता के स्कूल कैसे संचालित हो रहे हैं? इससे बच्चों के भविष्य को तो नुकसान पहुंच रहा है, साथ ही अभिभावकों पर भी आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। याचिका में यह बात भी सामने आई कि ऐसे कई छात्र है, जिनका प्रवेश निरस्त कर दिया गया था। हाईकोर्ट ने इसे गलत माना है।

### 10 साल बाद पकड़ा गया रेलवे संपत्ति चोरी का फरार वारंटी

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने 10 साल के बाद रेलवे संपत्ति चोरी के फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है, जो कोर्ट से जमानत मिलने के बाद शहर से फरार होकर चेन्नई जाकर जीवन यापन कर रहा था। वापस शहर आने के बाद आरपीएफ ने उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। 10 साल पहले वर्ष 2015 बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे संपत्ति की चोरी करते हुए नयापारा सिरगिट्टी निवासी सतीश यादव उर्फ शिव पिता कन्हैयालाल यादव 35 साल को पकड़ा गया था। आरपीएफ ने आरोपी को पकड़ने के बाद आरपीयूपी एक्ट की धारा 3 ए के तहत मामला कायम कर न्यायालय में पेश कर दिया। न्यायालय ने आरोपी ने जेल भेज दिया, लेकिन कुछ दिन बाद वह जमानत में रिहा हो गया था। जमानत में छूटने के बाद उसे न्यायालय में पेशी में जाना था, लेकिन पेशी में जाने के बजाय वह फरार हो गया। सूचना मिली कि आरोपी सतीश यादव चेन्नई में छिपा हुआ है। आरपीएफ की टीम उसके शहर वापसी का इंतजार करने लगी। न्यायालय ने भी आरोपी के खिलाफ स्थायी वारंट जारी कर तत्काल पकड़ने का आदेश आरपीएफ को दिया। गुरुवार की शाम को सूचना मिली कि आरोपी जांजगीर में आया हुआ है। आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक टीआर कुर्रे, आरक्षक एससी राजवाड़े ने तत्काल जांजगीर भीमी तालाब के पहुंचकर रेलवे संपत्ति के आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### होली क्रॉस स्कूल में किया गया विद्यार्थी परिषद का गठन



**बिलासपुर।** होली क्रॉस स्कूल में आज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सिस्टर क्लेरिटा डिमेलो, मुख्य अतिथि श्रीकांत पहाड़ी, मैनेजर सिस्टर लूसी, सिस्टर अजेया थीं। विद्यालय के छात्राओं ने नृत्य प्रदर्शन किया। इसके बाद चयनित छात्रों को विभिन्न पद जैसे हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, उप-कप्तान, सांस्कृतिक सचिव, और डिसिप्लिन इनचार्ज के रूप में नामांकित किया गया। अनन्या सिंह हेड गर्ल चुनी गई एवं हेड बॉय आरव शर्मा को चुना गया। सभी चयनित सदस्यों को मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा बैज अलंकरण किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी केबिनेट के बच्चों को बधाई संप्रेषण किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा बच्चों को प्रधानाचार्य सिस्टर क्लेरिटा ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी परिषद विद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच सेतु का कार्य करती है। इससे छात्रों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और संगठनात्मक गुणों का विकास होता है। अतः इस कार्य को नियम पूर्वक करते रहेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और सेवा भावना को प्रोत्साहित किया।

### विनोबा भावे प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान ने मंगला में किया पौधरोपण

**बिलासपुर।** विनोबा भावे प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान व आर्यन योगा अमन विहार चड्ढा बाड़ी संस्थान के सदस्यों



द्वारा एक पेड़ अपने गुरुदेव के नाम का आयोजन मंगला धूरी पारा स्थित तालाब पर रखा। जहां तालाब के किनारे पीपल, बरगद, अमलतास जैसे पौधों का रोपण किया गया। संस्थान के प्रमुख प्राकृतिक चिकित्सक व योगा गुरु डा हरीभाई आर्यन ने कहा पौधरोपण मानवधर्म है, इसके लिए कोई दिवस की बाध्यता नहीं है चाहे जब भी मन करे, जहां खाली जगह हो जहां वर्षा में पौधा पेड़ बन सके रोपण करें। उससे भी आवश्यक है जो वृक्ष हैं उनकी देख भाल आवश्यक है। विकास के नाम पर उन्हें काटना मानव जीवन के अस्तित्व को मिटाना। प्रकृति के पंचतत्व में शरीर के सभी शारीरिक व मानसिक रोगों के उपचार में सक्षम है। प्राकृतिक चिकित्सा थेरीपिस्ट धर्मेश, नितीश, अनुराग, रमेश, गुलशन और मोहल्ले के सभी गणमान्य लोगों ने अपने गुरुओं के नाम पर पौधे लगाए।

डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय का औचक निरीक्षण किया

# शिक्षक ऐसा पढ़ाएं जिसे विद्यार्थी जीवन भर याद रखें: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्राध्यापक ऐसा पढ़ाएं की विद्यार्थी जीवन भर याद रखें। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और पढ़ाई पूरी करने के बाद भी प्राध्यापक विद्यार्थियों से जुड़े रहने की बात कही। राज्यपाल को कुलपति एवं कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के विशिष्टताओं से अवगत कराया।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री डेका शुक्रवार को डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय करगी रोड कोटा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग अध्यक्षों और प्राध्यापकों की बैठक भी ली। उन्होंने प्राध्यापकों से कहा कि आदर्श शिक्षक वही होता है, जिसे विद्यार्थी जीवन भर याद रखें। उनके पढ़ाई पाठ को हमेशा याद रखें और उनके बताएं आदर्श को अपने जीवन में उतारे। उन्होंने कहा कि हमें आदर्श शिक्षक बनना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरी तरह से जल्द ही लागू किया जाए । उन्होंने इस दौरान राष्ट्रीय



राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट करते विश्वविद्यालय के कुलपति एवं रजिस्ट्रार।

शिक्षा नीति 2020 की जानकारी दी। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने एवं उनके प्लेसमेंट की जानकारी लेते हुए उसके संतुष्टि जाहिर की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में भारत सरकार द्वारा स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर की जानकारी ली । उन्होंने इनक्यूबेशन सेंटर में लगाए गए उपकरणों और युवाओं को उद्यमिता के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण के बारे में भी जाना । उन्होंने बताया कि आज के समय में युवा उद्यमियों की आवश्यकता है।

### कुलपति ने दी जानकारी

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने उन्हें अकादमिक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने विश्वविद्यालय के प्रशासन के बारे में उन्हें अवगत कराया। इस दौरान उन्हें विश्वविद्यालय की विशेषताओं छत्तीसगढ़ी संजोही, छत्तीसगढ़ शोध एवं सृजन पीठ, रेडियो रामन 90.4, इनक्यूबेशन सेंटर , भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र, रवींद्रनाथ टैगोर अंतरराष्ट्रीय कला एवं संस्कृति केंद्र, सहित अन्य विशिष्ट केन्द्रों की जानकारी दी गई। राज्यपाल को पुस्तक यात्रा ऑटोमेटेड लाइब्रेरी पौधारोपण आदि की जानकारी भी प्रदान की गई। राज्यपाल ने कुलपति और कुल सचिव को मार्गदर्शन भी प्रदान किया ।



## भारत की प्रगति और उसके बौद्धिक विकास की जिम्मेदारी सबकी: प्रधान

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल 10-11 जुलाई को स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की संगोष्ठी में सम्मिलित हुए।

■ संगोष्ठी में शामिल हुए विवि के कुलपति

10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिकारी, गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हंसमुख अधिया एवं देश के विभिन्न केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल हुए। बैठक में सामूहिक रूप से उच्च शिक्षा को बदलने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कार्यान्वयन के भविष्य के पाठ्यक्रम को निर्धारित करने और शिक्षा के भविष्य को आकार देने पर विचार किया गया।

### हमें शोध एवं नवाचार पर ध्यान देना होगा: चक्रवाल

कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें शोध एवं नवाचार पर विशेष ध्यान देना होगा। केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई नेशनल रिसर्च फाउंडेशन, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा प्रधानमंत्री रिसर्च फैलोशिप शोध एवं नवाचार के रूप में प्रेरक का काम रहा है। श्री चक्रवाल ने कहा कि सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को नवाचार के अग्रणी केन्द्र के रूप में राष्ट्र का नेतृत्व करना होगा। शोध एवं नवाचार सिर्फ संसाधनों पर ही निर्भर नहीं करते, अपितु यह नवीन विचारों, नवीन कार्य पद्धतियों तथा समस्याओं के नवीन अभिनव समाधान द्वारा भी क्रियान्वित होते हैं।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत की प्रगति और उसके बौद्धिक विकास की ज़िम्मेदारी यहां एकत्रित सभी लोगों के कंधों पर है।

## आम आदमी पार्टी ने डीईओ आफिस का किया घेराव

**बिलासपुर।** शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा शुक्रवार को सभी जिलों में जिला शिक्षाधिकारी, ब्लॉक शिक्षाधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन घेराव किया गया।

पार्टी का कहना है कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार शिक्षा नीति के मोर्चे पर विफल रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद कर देने के बाद कई स्कूल शिक्षकविहीन हो गए हैं। 63 हजार शिक्षकों के पदों को भरने में नाकाम रही है सरकार, नाकामी छुपाने युक्तियुक्तकरण की है। आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार से मांग की है कि



इस युक्तियुक्तकरण को सरकार तुरंत रद्द करें और यदि निर्धारित समय सीमा में शिक्षा में सुधार नहीं होता है तो पूरे छत्तीसगढ़ में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंग ने कहा कि कई छात्रों को अब 3-5 किमी दूर स्कूल जाना पड़ रहा है। बच्चों को बिना गणित या विज्ञान शिक्षक के पढ़ाई करनी पड़ रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा कि वर्तमान सरकार के युक्तियुक्तकरण से स्कूल शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है। बोदरी पार्षद विजय वर्मा ने कहा कि दंतेवाड़ा में एक स्कूल को 7 किमी दूर स्थानांतरित किया गया, जिससे बच्चे आना बंद कर दिए हैं। गांव के एक स्कूल में तो शिक्षक न होने के कारण बच्चों ने खुद स्कूल में ताला लगा दिया। आज के इस घेराव में प्रदेश संगठन मंत्री सरदार जसबीर सिंह चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रियंका शुक्ला, लोकसभा सचिव राकेश लुनिया, बोदरी पार्षद विजय वर्मा, इरफान सिद्दीकी, जिला अध्यक्ष यूथ विंग नुरुल हुदा, अरविंद पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## ऑनलाइन कोचिंग क्लास के वीडियो बेचे जा रहे, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कोचिंग संस्थान के आनलाइन क्लास का वीडियो चुराकर टेलीग्राम चैनल में बेचा जा रहा है। संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, उसलापुर निवासी पंकज गुप्ता कोचिंग सेंटर चलाते हैं। वे अपने क्लास के वीडियो को अपने एप पर अपलोड करते हैं। इसे उनके कोचिंग क्लास में रजिस्टर्ड व्यक्ति ही देख सकता है। उन्हें पता चला कि उनके एकेडमी के वीडियो को टेलीग्राम चैनल में बेचा जा रहा है। उन्होंने अपने एकडमी के कर्मचारी से वीडियों खरीदने के लिए कहा। कर्मचारी ने टेलीग्राम चैनल पर संपर्क करके वीडियो खरीदने की बात की। उनके द्वारा 999 रुपए देने पर कर्मचारी को टेलीग्राम का लिंक भेजा गया। इसमें उनकी एकेडमी के क्लास के वीडियो थे। इसके बाद कोचिंग संचालक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर बैंक डिटेल के आधार पर जांच में जुट गई है।

## एनएमसी से मिली प्रवेश की अनुमति 150 सीटों पर होगा सिम्स में एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा सिम्स को एमबीबीएस पाठ्यक्रम की 150 सीटों पर प्रवेश के लिए अनुमति दे दी है। यह मान्यता नवीन सत्र 2025-26 में लागू होगी। इस लेकर 11



जुलाई को पत्र सिम्स को प्राप्त हो चुका है।

बिलासपुर संभाग में उच्च चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के तौर पर जाने जाने वाले सिम्स में इस वर्ष 150 सीटों पर एमबीबीएस की डिग्री हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। प्रवेश के लिए मान्यता देने से पहले एनएमसी ने सिम्स की ओपीडी एवं आईपीडी के तादात और सरल सुलभ चिकित्सा सुविधा का बारिश से परीक्षण किया है। संस्थान ने चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा में समय-समय पर अपने कार्य क्षमता कैंसर, ट्युमर, अस्थिरोग, दंतरोग, नेत्र ट्रांसप्लांट में बेहतर सुधार कर जनमानस में संस्थान के प्रति विश्वास बढ़ा है। संस्थान में स्नातक एमबीबीएस पाठ्यक्रम की 150 सीटों एवं स्नातकोत्तर एमडी/ एमएस पाठ्यक्रम की 68 सीटों पर शैक्षणिक कार्य संपादित किये जा रहे हैं।

### 2 हजार मरीजों की ओपीडी

खास बात यह है कि सिम्स में कई विषयों में एसोसिएट और एसिस्टेंट प्रोफेसर की कमी है इसके बावजूद एनएमसी ने प्रवेश के लिए मान्यता दी है,इस का सीधा मतलब है कि एनएमसी ने प्रवेश के लिए मरीजों की भर्ती और डाक्टरों द्वारा दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया है। एनएमसी ने 18 जून को सिम्स के डीन एवं एमएस की उपस्थिति में व्यवस्थाओं की समीक्षा की थी। सिम्स में 2 हजार मरीजों की ओपीडी और 85 फीसदी मरीजों की भर्ती, आपरेशन की संख्या, शैक्षणिक स्तर, हास्टल सुविधा, जाँच-परीक्षण की सुविधा आदि शामिल हैं। राज्य सरकार द्वारा नियमित एवं सिम्स प्रबंधन द्वारा समय-समय पर संविदा आधार पर नियुक्ति की जाती है। शैक्षणिक सत्र 2025 में मान्यता से स्टूडेंट को फायदा होगा।

### मिली है मान्यता

डाक्टरों की कमी के बाजवूद हमें 150 सीटों पर एडमिशन की मान्यता मिली है, यह हर्ष का विषय है। हमारी कोशिश है कि नए डाक्टरों की भर्ती जल्द कराई जाए। वहीं एडमिशन प्रक्रिया भी जल्द शुरू करने तैयारी की जा रही है।

**-डॉ रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

## छात्रों को पौराणिक संस्कृति की तरफ लौटना होगा

**बिलासपुर।** छग शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में 7 जुलाई को एक दिवसीय पुनउन्र्मुखी कार्यक्रम, संभाग स्तरीय कार्यशाला विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020'' महाविद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि अपर संचालक, बिलासपुर संभाग डॉ. प्रवीण पाण्डेय थे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय डॉ. एस. आर. कमलेश ने की। मुख्य वक्ता संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग रायपुर डॉ. जीए घनश्याम, एवं एनईपी–2020 प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा डॉ. डी. के. श्रीवास्तव थे। कार्यकम में संभाग के समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य, एनईपी नोडल आफिसर एवं छात्र–छात्राएं शामिल हुए।

मुख्य अतिथि डॉ. पाण्डेय ने कहा कि आज भारत देश युवाओं का देश है, पूरा विश्व भारत को देख रहा है कि कुछ वर्षो में भारत देश विकसित देशों की श्रेणी में आ जाएगा। नई शिक्षा नीति 2020 के परस्पर क्रियान्वयन से प्रदेश में शिक्षा एवं गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। डॉ. डीके श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति आज की जरुरतों को पूरा करता है। इससे छात्राएं उद्योग धंधे जैसे क्षेत्रों में कदम रखकर नौकरी करने वाले नहीं नौकरी देने वाले बन सकते है। मुख्य वक्ता डॉ. घनश्याम ने कहा कि छात्रों को उद्यमिता कौशल एवं अपने पौराणिक संस्कृति की तरफ लौटना होगा। आज का जो समाज पश्चिमी सभ्यता की ओर अग्रसर हो रहा है, वह कहीं न कहीं हमारी संस्कृति को प्रभावित कर रहा है। नई शिक्षा नीति से देश का एवं समाज का निर्माण होगा। प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्राओं के समन्वित विकास के लिए बहुत ही लाभकारी होगा। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल विकास एवं मूल्य परक शिक्षाओं पर जोर दिया। छात्राएं कौशल विकास शिक्षा के माध्यम से स्वरोजगार एवं उद्यीमता की ओर अग्रसर होंगी। डॉ. सीमा मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विषय प्रवेश प्रस्तुत किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. मधुलिका सिन्हा ने किया।




बिजनेस साइट

## मूल्य बनाम आय मोमेंटम : निवेशकों को क्या जानना चाहिए

**बिलासपुर।** चाहे वह फैशन हो, तकनीक हो या जीवनशैली, हम सहज रूप से रुझानों के साथ अपडेट रहने की कोशिश करते हैं। क्यों? क्योंकि हम उस प्रोग्रेस और सुधार से चूकना नहीं चाहते जो अक्सर बदलाव के साथ आते हैं। वित्तीय बाजारों की दुनिया में भी गति निवेश इसी तर्क को लागू करता है, जिसमें कम प्रदर्शन करने वाली सिक्योरिटीज को हटाकर बेहतर प्रदर्शन करने वाली सिक्योरिटीज में निवेश किया जाता है। यह रणनीति यह मानती है कि जिन अनुकूल परिस्थितियों के कारण सिक्योरिटी या सेक्टर का प्रदर्शन बेहतर रहा, वे निकट भविष्य में भी जारी रहने की संभावना है और इस प्रकार इसका उद्देश्य शेष लाभ का लाभ उठाकर लाभ कमाना है। जैसे ही बेहतर प्रदर्शन कम होने लगता है या अंडरलाइंग परिस्थितियां बदलने लगती हैं, यह रणनीति इन सिक्योरिटीज से बाहर निकल जाती है और नए क्षेत्रों या सिक्योरिटीज में पुनः आवंटित हो जाती है जो मोमेंटम के नए संकेत दिखाती हैं।



**दिनेश सिंह राजपूत**
**म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, बिलासपुर**

मोमेंटम निवेश से जुड़ा एक आम मिथक यह है कि ये रणनीतियां केवल प्राइस मोमेंटम का पीछा करती हैं। हालांकि, सच्चाई यह है कि मोमेंटम प्राइस मोमेंटम या अर्निंग्स मोमेंटम हो सकते है । मूल्य गति अनुकूल प्राइस ट्रेंड्स वाले शेयरों की पहचान करती है। आय मोमेंटम शेयरों का चयन उनकी आय संशोधनों और शेयरों के लिए एनालिस्ट रेटिंग में रुझानों के आधार पर करती है। प्राइस मोमेंटम के चालक बाजार की धारणाएं, तकनीकी फैक्टर और निवेशक व्यवहार हैं। दूसरी ओर, अर्निंग्स मोमेंटम मजबूत व्यवसायों, बढ़ते मार्जिन या ऑपरेशनल दक्षता से प्रेरित होता है। प्राइस मोमेंटम रणनीतियां तकनीकी एनालिसिस का उपयोग करती हैं और इनमें अचानक रुझान उलटने का जोखिम होता है। अर्निंग्स मोमेंटम पर आधारित रणनीतियां अधिक टिकाऊ होती हैं क्योंकि वे फंडामेंटल एनालिसिस का उपयोग करती हैं और इनमें जोखिम कम होता है क्योंकि रुझान उलटने में समय लगता है, जब तक कि किसी पूरी तरह से हालात को बदलने वाली घटना द्वारा ट्रिगर न किया जाए ।

मोमेंटम म्यूचुअल फंड अपने पोर्टफोलियो बनाने के लिए मूल्य और आय मोमेंटम के कॉम्बीनेशन का उपयोग करते हैं। ये निवेशकों के लिए इस रणनीति में निवेश करने का एक सहज तरीका हो सकते हैं। इन फंडों का प्रबंधन प्रोफेशनल तौर पर रिसर्च और ओनरशिप मॉडल का उपयोग करके किया जाता है, जो सफल मोमेंटम निवेश के रास्ते में आने वाली मानवीय भावनाओं और पूर्वाग्रहों का ध्यान रखता है ।

ऐसा ही एक फंड जिसमें निवेशक निवेश करने पर विचार कर सकते हैं, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एक्टिव मोमेंटम फंड। यह एक ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड है जो आय या मूल्य संवेग के आधार पर शेयरों का चयन करता है। इस ऑफर का न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 8 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक निवेश के लिए खुला रहेगा ।

## सूने मकान से डेढ़ लाख के जेवर चोरी

**बिलासपुर।** मैनेजर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोला और डेढ़ लाख रुपए सोने चांदी के जेवर चोरी कर आसानी से भाग गए । पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोनी पुलिस के अनुसार, शांतुन हाजरा पिता एनबी हाजरा दूर्ग में निजी कंपनी में मैनेजर हैं। उनके माता पिता सेंदरी समद्धि विहार कालोनी में रहते हैं। 28 जून को उनके माता पिता दरवाजे में ताला लगाकर उनके पास दुर्ग चले गए थे। उनकी पत्नी को फोन कर नौकरानी ने बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। 10 जुलाई को वे घर आकर देखे तो ताला टूटा हुआ था और अंदर में सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी में रखे सोने का टाप्स 4 नग, सोने का लाकेट 3 नग, 4 जोड़ी पायल, 1 चांदी की कटोरी, 2500 रुपए नकद सहित डेढ़ लाख का सामान चोरी हो गए थे।

बिलासपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



जॉब

## टाउन प्लानर्स के 50 अतिरिक्त पदों पर होगी भर्ती, मिली स्वीकृति

**बिलासपुर।** भारत में शहरीकरण की तीव्र गति को सुनियोजित विकास की दिशा प्रदान करने के लिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करने के उद्देश्य से, छत्तीसगढ़ राज्य में टाउन प्लानर्स के 50 अतिरिक्त पदों का सृजन किया गया है। उक्त पदों में उपसंचालक योजना के 10 पद, सहायक संचालक योजना के 17 पद एवं वरिष्ठ योजना सहायक के 23 पद शामिल हैं। नीति आयोग, भारत सरकार की रिपोर्ट एवं अर्बन प्लानिंग रिफॉर्म्स के अंतर्गत टाउन प्लानिंग कैपेसिटी को बढ़ाने के उद्देश्य से यह अहम कदम उठाया गया है, जिससे भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्मार्ट सिटी, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना आदि को गति मिलेगी।



### शीघ्र भर्ती की जाएगी

प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ के शहरों को वैश्विक पहचान दिलाए जाने के विजन को आगे बढ़ाया है। अगले चरण में उक्त पदों पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से भर्ती एवं पदोन्नति की जाएगी, जिससे राज्य में टाउन प्लानर्स की कमी को पूरा किया जा सकेगा। उक्त पदों के सृजन से छत्तीसगढ़ राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत अर्बन प्लानिंग छात्रों में एक नई ऊर्जा का संचार है, क्योंकि उक्त पदों के सृजन से शीघ्र ही भर्ती की जाएगी।

सम्मान

## गुरु पूर्णिमा पर वरिष्ठजन का किया गया सम्मान



**बिलासपुर।** गुरु पूर्णिमा पर दक्षिण मंडल के वार्ड क्रमांक 32 शहीद विनोद चौबे नगर में वरिष्ठ रिटायर गुरुजनों तथा पुजारियों का सम्मान किया गया। जिसमें रिटायर्ड प्रिन्सिपल जेपी शिवहरे, एन आर साहू , विद्या शंकर तिवारी, शिक्षक प्रेमलता त्रिवेदी, शशि प्रभा तिवारी, सरोज तिवारी, पण्डित प्रेम लाल पाण्डेय इमली पारा के पुजारी का घर घर जाकर उनके परिवार जनों के बीच उनका सम्मान किया गया। जिसमे मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव तथा वार्ड के कार्यकर्ता जगदीश साव महामंत्री, अमित तिवारी पार्षद, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत कश्यप , रवि वर्मा, अभिषेक गौतम, कमला दीक्षित और चंद्रिका साहू मौजूद थीं।

स्पोर्ट्स

## 17वीं सब जूनियर छग स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ



**बिलासपुर।** 17वीं सब जूनियर छग स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन जिला बॉक्सिंग संघ बिलासपुर के तत्वावधान में रेलवे बॉक्सिंग क्लब में किया जा रहा है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सीटीपीएम एवं महासचिव दपूमरे खेल संघ हेमेंद्र कुमार ने किया। अतिथि प्रथम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अंबिकेश पांडे, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन आर राजेन्द्रन, सचिव छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन सीएम ठाकुर उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 150 बालक बालिकाएं एवं 25 रेफरी एवं जज भाग ले रहे हैं जिनके रहने एवं खाने की संपूर्ण व्यवस्था बिलासपुर एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा की जा रही है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ , एसईसीएल, डॉ.सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, प्रथम हॉस्पिटल, ऑक्सीडेशन कोचिंग क्लासेस, सत्या एजेंसीज , आधारशिला विद्या मंदिर एवं एम.एस कंस्ट्रक्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में जुड रॉड्रिक्स, श्रीकांत पहाड़ी, वाय नागुराव, देवेन्द्र यादव, ईश्वर राव, आनंद डागर, सौरभ पासवान आदि का सहयोग रहा।

# सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं ने शिवालयों में की पूजा, अभिषेक

दिन शुक्रवार से सावन माह शुरू हो गया है। इस पूरे माह भक्तजन भगवान भोलेशंकर की भक्ति व आराधना में लीन रहेंगे। सावन के पहले दिन ही श्रद्धालु शिवालयों में पहुंच कर पूजा-अर्चना की। कई लोगों ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर व्रत रखा। शिव मंदिरों में विशेष पूजा कर भोग लगाए गए।

### श्रद्धालुओं ने रखा व्रत, मंदिरों में विशेष पूजन कर लगाए गए भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सावन महिने के एक-एक दिन का काफी महत्व होता है। इसी महत्ता के चलते महिलाओं की टीम द्वारा शिव मंदिरों में जाकर पूरे माह भर भजन कीर्तन की जाएगी। शिव पुराण का वाचन होता है। सावन माह के पहले सोमवार के दिन 14 जुलाई को धनिष्ठा और शतभिषा नक्षत्र रहेगा। आयुष्मान और सौभाग्य योग रहेगा। इस दिन गजानन संकष्टी चतुर्थी रहेगी। इससे इस दिन का महत्व और बढ़ जाएगा। लोग भोलेशंकर की पूजा करने के साथ ही सिद्धि विनायक गणेश भगवान की भी पूजा करेंगे। इस समय भगवान शिव का पूजन भक्तों को शुभ फल देने वाला होगा।





- सावन का पहला सोमवार – 14 जुलाई
- सावन का दूसरा सोमवार – 21 जुलाई
- सावन का तीसरा सोमवार – 28 जुलाई
- सावन का चौथा सोमवार – 4 अगस्त

### जीवन होता है मंगलमय

इस बार सावन मास में 4 सोमवार पड़ रहा है। माना जाता है कि इस महीने में शिव की कृपा बरसती है। सावन का महीना भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना और उनका आशीर्वाद पाने के लिए बड़ा ही लाभदायक माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सावन मास में ही भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। सावन के चारों सोमवार को श्रद्धा और नियम से पूजन करने पर भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा मिलती है। मनोकामना पूरी होती है। जो भी शिवभक्त सच्चे मन से पूजा, ध्यान, जप, अभिषेक करता है, उसका जीवन निश्चित रूप से मंगलमय होता है।



### संगीतमय कार्यक्रम



राजस्व कालोनी स्थित शिवाय संगीत मंदिर में संगीतमय कार्यक्रम रखा गया। इसमें संगीत गुरु कु. रुचिका विनचुरकर एक से बढ़कर एक गीत गाए। इस मौके पर रूचिका के शिष्य रेणु चिंचोलकर, सुष्मिता पांडेय, स्वाति गोस्वामी, अलका मजूमदार, मंगल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वरांजली, सुनील विनचुरकर का सहयोग रहा।

### पूरे माह रहेगा भक्तिमय माहौल



सावन एक ऐसा महिना है कि पूरे माह भर भजन कीर्तन, शिव पुराण, पूजा-पाठ, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक का क्रम चलते रहता है। इससे पूरे माह भर माहौल भक्तिमय बना रहता है। वहीं कांवड़िए जल चढ़ाने देवघर, बाबाधाम, रतनपुर, मल्हार, ताला, शिवरीनारायण जाएंगे। इससे जय बोल बम की भी गूंज होती रहेगी।

### मंदिरों में जाकर लिया आशीर्वाद



शांता फाउंडेशन परिवार ने बरम बाबा मंदिर, सतबहिनी दाई मंदिर एवं शिव मंदिर के पंडितों को शॉल, श्रीफल, पुष्प एवं दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर संस्था की सृष्टि सिंह, डी विनीता रॉव ने कहा कि गुरु जीवन को सही दिशा दिखाता है। गुरु का मार्गदर्शन जीवन में सदैव मिलने से हर कठिन परिस्थितियों में लड़ने की शक्ति प्राप्त होती है।

## पीतांबरा पीठ में पारदेश्वर महादेव का अभिषेक

श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महा रुद्राभिषेक किया गया। अब प्रतिदिन चार पाठ नमक चमक द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 1 तक चलेगा। अंत में महादेव की महाआरती की जाएगी।

सावन के पावन पर्व पर प्रथम दिन ही श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंच कर जलाभिषेक किया। अधिवक्ता हर्षवर्धन अग्रवाल, अदिति अग्रवाल ने महादेव का रुद्राभिषेक किया। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि रुद्र अर्थात भूतभावन शिव का अभिषेक होता है। शिव और रुद्र परस्पर एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। शिव को ही 'रुद्र' कहा जाता है, क्योंकि भोले सभी दुःखों को नष्ट कर देते हैं। हमारे द्वारा किए गए पाप ही हमारे दुःखों के कारण हैं। रुद्रार्चन और रुद्राभिषेक से हमारी कुंडली से पातक कर्म एवं महापातक भी जलकर भस्म हो जाते हैं और साधक में शिवत्व का उदय होता है। भगवान शिव का शुभ आशीर्वाद भक्त को प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि एकमात्र सदाशिव रुद्र के पूजन से सभी देवताओं की पूजा स्वतः हो जाती है। उन्होंने कहा कि पूजा सदैव भारतीय परिधान में ही किया जाना चाहिए। माताएं साड़ी एवं पुरुष धोती पहनें। वहीं यशवंत, प्रिया शर्मा, महिमा जाधव, संतोष, संगीता गुप्ता, छाया, सुपर्णा सिंह ने गुरु पूजन किया।



प्रतिदिन रूद्राभिषेक कर की जाएगी महाआरती

## गोंड़पारा के कांवरिया दल देवघर के लिए रवाना

सावन महीने के आते ही कांवरियों का दल बाबा धाम के लिए निरंतर रवाना होने लगते हैं। इसी क्रम में गोंड़पारा के कांवरिया दल देवघर के लिए रवाना हुए। दल में शामिल लोग सुल्तानगंज से जल लेकर 125 किलोमीटर तक की पदयात्रा कर देवघर में बाबा को जल अर्पित करेंगे।

गोंड़पारा के कांवरिया भक्त रवाना होने से पहले गीत-बोल बम बम भोले... गाते हुए पूरे स्टेशन को भक्तिमय कर दिया। फिर बड़े उत्साह से बिलासपुर स्टेशन में साउथ बिहार एक्सप्रेस से सांवरिया देवघर के लिए रवाना हुए। अन्य कांवरियों के दल में शामिल लोग जाने की खुशी में झूम के नाचे और यहां से सैकड़ों की तादाद में कांवरिया दल बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए। ट्रेन में बम बम भक्ति के गीत गाते हुए बाबा धाम पहुंचे। सुल्तानगंज से जल लेकर बोल बम नारे लगाते हुए पदयात्रा करेंगे। इस यात्रा में शिवा सोनी, राहुल सराफ, उज्जवल तिवारी, अमन सोनी, अटल सोनी, विनय ठारवानी, वैभव श्रीवासन, अमन नाथानी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



देवघर में बाबा को करेंगे जल अर्पित

### बढ़ी बेल पत्र व धतूरे की मांग

सावन माह के लगते ही बेल पत्र व धतूरे के फूल की मांग बढ़ गई है। शुक्रवार को इन चीजों की काफी बिक्री हुई। भगवान शिव को बेलपत्र व धतूरे के फल, फूल काफी पसंद है, इसलिए शिव भक्त सावन महिने में इसे शिव भगवान को जरूर अर्पित करते हैं।



# महोत्सव में गुरु महिमा, आध्यात्म, प्रकृति संरक्षण रहा अदभुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आर्ट ऑफ लिविंग ने गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर महराज की प्रेरणा व अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया। इसमें गुरु की महिमा, आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रकृति संरक्षण का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस एक दिवसीय भव्य सत्संग व रुद्राभिषेक कार्यक्रम में उपस्थित एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रों के साथ रुद्राभिषेक से हुआ। सुमेरु सिंगर डॉ. रीना महोबिया दीदी ने भक्ति पूर्ण भजन की प्रस्तुति दी। उन्होंने गणेश वंदना, देवी, हरिओम के भजन गाए। इस मौके पर अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक मंडल के सदस्य सुरिंदर सिंह, डॉ. किरणपाल सिंह चावला, गुरमेहर सिंह, प्राचार्य फरहान अहमद, सीईओ विक्टर मार्टिन, विनोद पांडेय, ललित पांडेय, हार्दिक कक्कड़, डीटीसी रूपा सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षक डॉ. अजित मिश्रा, विकास साहू, प्रीतपाल सिंह, स्कूल हास्टल के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### आर्ट ऑफ लिविंग ने मनाई गुरु पूर्णिमा





### तरु के 4 सौ पौधों का वितरण

पर्यावरण संरक्षण के संदेश को साकार करते हुए 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान के अंतर्गत लक्ष्मी तरु के 400 पौधों का वितरण किया गया। यह केवल एक पौधारोपण नहीं बल्कि गुरु के प्रति श्रद्धा और सेवा भावना की एक सजीव अभिव्यक्ति थी।

कार्नर न्यूज

### तोरवा में मनाया गया श्री सत्यसाई बाबा का जन्म दिवस

# बच्चों ने पेश किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बिलासपुर।** साईं समिति सेंटर धान मंडी चौक तोरवा में श्री सत्यसाईं सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान श्री सत्यसाईं बाबा के 100 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके दूसरे दिन शुक्रवार को तेलुगु समाज के बच्चों ने पारंपरिक वेश में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

श्री सत्य सांई प्रेम प्रवाहिनी रथयात्रा का भ्रमण कराया गया। रथयात्रा रेलवे परिक्षेत्र कंस्ट्रक्शन कालोनी दुर्गा पंडाल से होते हुए बारा खोली चौक, स्टेशन चौक, तितली चौक, राम मंदिर होते हुए श्री सत्य सांई समिति, तोरवा पहुंची। इन सभी कार्यक्रमों में लगभग 500 से अधिक भक्त शामिल हुए। अन्नपूर्णा कालोनी स्थित स्कूल के बच्चों ने बाबाजी से आशीर्वाद लिया। समाज की महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। बाबा को भोग अर्पण करने के बाद महाआरती की गई।





**ये रहे अतिथि-** कार्यक्रम में विधायक धरमलाल कौशिक, महापौर पूजा विधानी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पार्षद द्वय एम श्रीनू, अब्दुल, रेल्वे डीआरयूसीसी मेंबर रविकन्ना, तेलुगू संयुक्त समाज के अध्यक्ष व्ही मधुसूदन राव, सचिव जे जगन, व्ही रामाराव अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों का बाबा की फोटो, मेमेंटो एवं शॉल से सम्मानित किया गया।

### महाप्रसाद का वितरण

शुक्रवार को रेल्वे स्टेशन चौक में तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष व्ही मधुसूदन राव एवं सचिव जे. जगन के नेतृत्व में तेलुगू संयुक्त समाज श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथयात्रा का भव्य स्वागत कर महाप्रसाद वितरण किया गया।



**इनका रहा सहयोग :** कार्यक्रम को सफल बनाने में पी रामाराव, डॉ अरुण पटनायक, ए साईं गोपाल राव, एस राजेंद्र प्रसाद, जी सन्मुखराव, डीडी चटर्जी, सुशील मोबिया, डी रामू, प्रशांत तिवारी, एम सुरेश, जी देवेंद्र नायडू, श्रीनिवास राव, एआर वर्मा, पी गोविंद राव, बीके के. रेड्डी, कुमार रेड्डी, ए विजयलक्ष्मी, एम व्ही लक्ष्मी, रमा मणि, बी पद्मा, जी. राधिका, कु. बी योगिता, पी संध्या, आशा विश्वकर्मा, डॉ रश्मि जितपुरे, अर्चना शर्मा, मीना नायडू, व्ही रवि, के वेंकेंट, हरि शंकर सहित सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## कला विकास केंद्र में कथक की प्रस्तुति

कला विकास केंद्र में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के समापन पर शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्यांगना सुश्री वासंती वैष्णव ने मनमोहक कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही गुरु परंपरा की गरिमा बनाए रखने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

गुरू-शिष्य परंपरा को समर्पित इस कार्यक्रम में गुरुओं द्वारा पारंपरिक गंडा बंधन, घुंघरू पूजन एवं अपने-अपने गुरुओं की विधिवत पूजा की गई। इस आयोजन ने संस्था में गुरु-शिष्य संस्कृति की जीवंत अनुभूति कराई। संस्था की वरिष्ठ छात्राओं द्वारा विविध नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। इसमें सृष्टी गर्ग, दिशिता कश्यप, गुनगुन रावत, ज्योति श्री बोहिदार वैष्णव, अनुष्का मौर्य, ऋषिका साव एवं स्वप्निल बोरकर की भागीदारी उल्लेखनीय रही। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक ऊंचाईयां प्रदान की। गुरू पं. सुनील वैष्णव कला गुरु, रायगढ़ घराना ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।



### पारंपरिक गंडा बंधन व घुंघरू पूजन



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षक बनर्जी को दी गई विदाई



**बिलासपुर।** गुरु पूर्णिमा अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला सेजेस तिफरा में विदाई समारोह आयोजित किया गया एवं सेवानिवृत्त शिक्षक रंजीत बनर्जी को विदाई दी गई। स्वामी आत्मानंद स्कूल तिफरा के प्राचार्य डॉ विश्वनाथ कश्यप ने श्री बनर्जी को शालेय परिवार की ओर से श्रीफल व शाल भेंट किया एवं तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। वहीं संकुल समन्वयक सुनील पांडेय ने श्री बनर्जी को अभिनंदन पत्र काव्यांजलि के रूप में भेंट कर सम्मानित किया। पूरे स्टाफ ने बुके भेंट कर एवं पुष्प हार पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रंजीत बनर्जी के परिवारजन उपस्थित थे। समारोह में विश्वास शर्मा, जोगिंदर सिंह, हरवंश, अमित तंवर, आशा कश्यप, हेमलता बघेल, रचना सोनी, मधुलिका त्रिपाठी, रंजना वाल्मीकि, ममता शर्मा आदि मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन कविता यादव एवं ज्योति कोन्हेर ने किया एवं रईसा बेगम ने आभार प्रदर्शन किया।

### पांडे ने राज्यपाल से किया मल्हार भ्रमण का निवेदन



**मल्हार।** लेखक राजेश पांडे ने छत्तीसगढ़ राज्यपाल रमेन डेका को अपनी कृति मां डीडिनेश्वरी देवी एवं भगवान पातालेश्वर महादेव का छायाचित्र भेंट कर मल्हार भ्रमण हेतु निवेदन किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, शिवम पांडेय प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों ने किया मुख्य नपा अधिकारी का स्वागत



**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी राम ठाकुर के कार्यभार ग्रहण करने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पार्षद व साथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने अपनी टीम के साथ उनका स्वागत किया। नगर पालिका के कर्मचारियों ने भी सीएमओ को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और सीएमओ से अपेक्षा जताई जा रही कि सब को साथ लेकर नगर के विकास में योगदान देंगे।

### नए जिला शिक्षा अधिकारी का किया गया स्वागत



**पेंड्रा।** शासन द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में महीनों बाद नए जिला शिक्षा अधिकारी की पदस्थापना हुई। रजनीश तिवारी प्राचार्य आत्मानंद विद्यालय घुटकू बिलासपुर को जीपीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री तिवारी को कई वर्षों का प्रशासकीय अनुभव हैं और उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिले के शिक्षा विभाग में खुशनुमा माहौल है। इस अवसर पर प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला संरक्षक संजय पाठक, जिलाध्यक्ष सचिन तिवारी, शिक्षक संघ के जिला संयोजक पीयूष गुप्ता, प्रवक्ता अजय चौधरी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनवानी ने नए जिला शिक्षा अधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## सरकार को लोगों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं: आशीष

# मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया उग्र आंदोलन

**तखतपुर।** तखतपुर विधानसभा की समस्याओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी एवं आशीष सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में के दौरान कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार को लोगों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है।

सभी अपने में मस्त हैं और प्रदेश की जनता त्रस्त है। जितनी दुर्दशा सड़कों की भाजपा के इस कार्यकाल में हुई है, उससे अधिक कभी नहीं हुई। राहगीर घर से निकलते ही बड़ी सावधानी के साथ सड़कों पर चलते हैं, ताकि वे गढ्ढे से बचकर ठीक से निकल जाए। इस धरना प्रदर्शन की शुरुआत मनियारी के पुल के पास से हुई, जहां से पदयात्रा करते हुए कांग्रेसी गांधी पुतला के पास पहुंचें एवं गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने पिछले दिनों सिलेंडर से भरी ऑटो पलटने वाली जगह पर पूजा-अर्चना कर भगवान से राहगीरों को दुर्घटना से बचाने की विनती की। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की सरकार में जनप्रतिनिधि और अधिकारी केवल अपनी जेब गरम कर रहे हैं। सरकार स्कूल बंद कर रही है और शराब भठ्ठी खोल रही है, यही भाजपा की रीति है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष



धरना प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता।

शिवबालक कौशिक ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार लोगों को बरगला कर चुनाव जीत गई, लेकिन अब जो झूठे वादों को पूरा करने में पसीने छूट रहे हैं। किसानों को ज्यादा उपज न मिले इसलिए सोसायटी में खाद नहीं मिल पा रही है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नपा अध्यक्ष अजय देवांगन एवं आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस कमेटी बिहारी देवांगन ने किया। इस अवसर पर बिहारी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक, जितेन्द्र पांडे, शिवबालक कौशिक, पार्षद अमित भारते, मुन्ना श्रीवास,वर्तमान पार्षद अजय देवांगन, बबलू गुप्ता, सुनील जांगड़े, चंद्र प्रकाश देवांगन, शैलेंद्र निर्मलकर, हरविंदर हुरा, जीतू तिवारी, नट्टू जायसी, सुरेश ठाकुर, बजरंग सूर्यवंशी, बिसाहु कश्यप,गोविंद साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर, अनिल कौशिक, राजू ठाकुर ,बड्डू गुप्ता डिकेश डहरिया, अमित साहू, देवी साहू, सुरेश टंडन, अवधेश शुक्ला, मनोज साहू, उमाशंकर सिंगरौल, उदय वासुदेव, शिव मानिकपुरी, प्रदीप बंजारे, फेकू सूर्यवंशी, सौखी सूर्यवंशी, सुरेश यादव, सूरज प्रजापति ,बबलू साहू, संदीप, सुनील यादव, करीम कुरैशी, कपिल मरकाम, उमाशंकर यादव, सियाराम जायसवाल, मिथिलेश यादव, अजेंद्र ठाकुर, राजेश पटेल, प्रियांशु डहरिया, अंकित , चिराग द्विवेदी, अजय ध्रुव, भारत कुमार, तूलेश्वर, आदित्य, तुषार, शुभम मिश्रा, राजेश बंजारे, सोनी कुमारी चतुर्वेदी, ओम प्रकाश मरावी, मुकीम अंसारी, मनोज श्रीवास, नंदू यादव, घनश्याम जांगड़े, भागीरथ ध्रुव, बबलू पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।



नशे में धुत प्रधान पाठक।

## नशेड़ी प्रधान पाठक पर निलंबन की कार्रवाई एवं एफआईआर

**मुंगेली।** शराब के नशे में धुत प्रधान पाठक ने कक्ष का दरवाजा बंद कर अंदर बैठा गया। सूचना पर पहुंचे विखं शिक्षा अधिकारी ने नशेड़ी प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया। इस पर प्रधान पाठक ने दूसरे दिन भी वही हरकत की, जिसको लेकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। शासकीय प्राथमिक शाला सिंघनपुरी के प्रधान पाठक ने स्कूल भवन का दरवाजा अंदर से बंद कर अपने कक्ष में बैठ गया।

इससे बच्चे स्कूल के भीतर नहीं जा सके एवं मध्यान्ह भोजन बनना संभव नहीं हो सका। शैक्षिक समन्वयक से मामले की शिकायत मिलने पर बीईओ डॉ प्रतिभा मंडलोई ने स्कूल पहुंचकर दरवाजा खुलवाया तो प्रधान पाठक पाठक सतनाम दास पात्रे शराब के नशे में धुत मिला। बच्चों ने बीईओ को बताया कि गुरुजी स्कूल नहीं खोले हैं तो हम लोगों की पढ़ाई नहीं हुई है। साथ ही रसोईया ने बताई कि मध्यान्ह भोजन का समान स्कूल में रखा है एवं स्कूल बंद होने के कारण मध्यान्ह भोजन नहीं बना है। शाला के अन्य शिक्षक रुद्रमणि उपाध्याय ने बताया कि वे बीआरसी मुंगेली में पुस्तक लेने रूके थे। पुस्तक लेकर वह लगभग 10.30 बजे शाला पहुंचे तो अपने ढंग से स्कूल खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने जिसकी सूचना शैक्षिक समन्वयक को दी। लगभग 12.30 बजे शैक्षिक समन्वय ने बीईओ को सूचना दी और बीईओ लगभग 1.30 बजे शाला पहुंचीं तो शाला का दरवाजा बंद था। इसके बाद दरवाजा खुलवा कर बीईओ ने प्रधान पाठक को अपनी गाड़ी में बैठाकर सेतगंगा थाने लेकर गईं, जहां से उसे मुलाहिजा के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मुलाहिजा में प्रधान पाठक के नशे धुत होने की पुष्टि की गई। इस पर बीईओ ने प्रतिवेदन तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली को प्रस्तुत कर निलंबन की कार्रवाई की।

### रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य

**मुंगेली।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत युवाओं के रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 के पूर्व इस कार्यालय में पंजीकृत रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराने के लिए रोजगार पंजीयन ऑनलाईन वेबसाईट अथवा प्लेस्टोर पर उपलब्ध छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के साथ ही जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मुंगेली में कार्यालयीन दिवस में अपने समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर कराया जा सकता है।

### खिलाड़ियों को दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ी, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं जैसे ओलंपिक, विश्व कप, एशियाड, राष्ट्रमंडलीय खेलों आदि में भाग लिया हो, ऐसे खिलाड़यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## विधायक निधि से ढाई करोड़ के विकास कार्यों की मंजूरी

**सकरी।** तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने अपनी विधायक निधि से 16 विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 48 लाख 50 हजार रूपए की मंजूरी के लिए प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग को प्रेषित किया है। इन विकास कार्यों में पेंडारी, भरनी और परसदा त्रिकोण स्थल पर स्थित बाबा गुरुघासीदास मेला स्थल पर 20 लाख की लागत से अहाता निर्माण, तखतपुर टिकरीपारा में राजपूत समाज के लिए 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, तखतपुर पीपल चौक पर धुरी समाज के लिए 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, तखतपुर बस स्टैंड भवन के ऊपर व्यापारी संघ के लिए 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, मिशन कंपाउंड तखतपुर में क्रिश्चन समाज के लिए 10 लाख का सामुदायिक भवन, उसलापुर बाजार के पास सतनामी समाज के लिए 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, उसलापुर बाजार के पास मुस्लिम समाज के लिए 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, कंवर समाज के लिए साईं नगर उसलापुर में 20 लाख की लागत से



सामुदायिक भवन, तखतपुर के वार्ड क्रमांक 12 में कुर्मी समाज भवन में 8 लाख की लागत का अहाता निर्माण, देवरीखुर्द में श्रेष्ठी कुर्मी समाज हेतु 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम घुटकु बाजारपारा में 20 लाख की लागत से सार्वजनिक भवन, ग्राम लोखंडी में कान्यकुब्ज समाज के लिए 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, अब्दुल कलाम नगर वार्ड क्रमांक 2 सकरी में मानिकपुरी समाज के लिए 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, खजुरी नवागांव में कुंभकार समाज के लिए 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण आदि शामिल हैं।

## तखतपुर-सरगांव सड़क जर्जर युकां ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर पंचायत पथरिया स्थित तखतपुर-सरगांव मुख्य मार्ग वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है। नगर के इस मुख्य मार्ग पर अनगिनत गड्ढों और कीचड़ की वजह से आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार होकर लोग क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

नगरवासियों और जनप्रतिनिधिओं के बार-बार आवेदन के बाद भी आज तक इस सड़क की दशा नहीं सुधर सकी। इसको लेकर युवा कांग्रेस पथरिया ने एसडीएम अजय शतरंज से मुलाकात कर तत्काल सड़क की मरम्मत की मांग की है। साथ ही राहत ना मिलने की स्थिति में एसडीएम कार्यालय के घेराव की चेतावनी भी दी है। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल राजपूत और नेता प्रतिपक्ष रंजीता ओंकार यादव के नेतृत्व मे ज्ञापन



सौंपने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बताया कि तखतपुर-सरगांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की हालत अत्यंत खराब है। वर्षों से इस रोड का चौड़ीकरण और नवीन निर्माण नहीं हुआ है, जिसके चलते बरसात के दिनों मे यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस मार्ग मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला सहकारी बैंक, जनपद कार्यालय, तहसील, एसडीएम कार्यालय समेत सभी विभागों का कार्यालय स्थित है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही होती है।

### तो होगा आंदोलन

नगर का व्यस्तम मार्ग अत्यधिक जर्जर हैं, भाजपा की सरकार आने पर निर्माण का वादा किया गया था, लेकिन आज तक नहीं शुरू पाया। अगर निर्माण नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा।

- रंजीता ओमकार यादव
नेता प्रतिपक्ष नप पथरिया

### दिए गए निर्देश

ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए पीडब्लूडी विभाग को सड़क की मरम्मत के लिए निर्देशित किया गया है।

- अजय शतरंज, एसडीएम

### निधन

#### राजेंद्र कुमार मिश्रा



**बिलासपुर।** कातियापारा संतोषी माता मंदिर के पास रहने वाले राजेंद्र कुमार मिश्रा पिता स्व. शिवराम प्रसाद मिश्रा का निधन 11 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 जून को सुबह 11 बजे कतियापारा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रामप्रसाद, राजकुमार व शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के भाई और हर्ष मिश्रा के पिता थे।

#### बलराम माली



**बिलासपुर।** कुदुदंड मिलन चौक निवासी बलराम माली बल्लू का शुक्रवार की शाम निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 12 जुलाई को दोपहर 1 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रॉकी माली के पिता, बिट्टू माली के दादा थे।

## पर्यावरण की रक्षा आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी: डॉ खेर

**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर एवं एलआईसी सीपत के शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार त्रिवेदी ने पौधों का रोपण कर किया। इस दौरान परिसर में आम, अमरूद, नीम, अर्जुन और तुलसी जैसे फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ खेर ने कहा कि वृक्ष जीवन का मूल हैं।




पर्यावरण की रक्षा सिर्फ एक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधों के नियमित पोषण और संरक्षण पर भी विशेष बल दिया। श्री त्रिवेदी ने एलआईसी की सामाजिक भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एलआईसी केवल आर्थिक सुरक्षा ही नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी भूमिका भी निभा रही है। पौधरोपण जैसे कार्यक्रम सामाजिक चेतना को जगाने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर एलआईसी सीपत के शुभांगी कारंबेलकर, रतनदीप सलूजा, विभूति तिर्की, अमित वस्त्रकार तथा राजकुमार मानिकपुरी उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पौधरोपण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दिव्या साहू, दीपक राठौर सहित अन्य विद्यार्थियों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया।

## तोखन के काफिले को रोकने वाले 12 छात्रों पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के काफिले को चक्काजाम कर रोकने वाले 12 छात्रों के विरूद्ध पुलिस ने बीएनएस की धारा 170, 126,2 191,2 170, 135 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां सभी आरोपीयों को जमानत दे दी गई।



जानकारी के अनुसार गुरुवार को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुंगेली जा रहे थे, इसी दौरान मनियारी पुल के पास युवकों ने सड़क मरम्मत की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया एवं उनके काफिले के सामने जमकर नारेबाजी की। चक्काजाम के कारण श्री साहू का काफिला रूट दबलकर वापस चले गए। पुलिस ने चक्काजाम करने वाले 12 आरोपी बादल निर्मलकर, इंद्राज सिंह ठाकुर, बीरू ताम्रकार, राजू निर्मलकर, शैलेंद्र मानिकपुरी, करन गोस्वामी, दीनू सिंह ठाकुर, अभय क्षत्री, दीपक यादव, अमर निर्मलकर, जयदीप श्रीवास, रवि श्रीवास के खिलाफ बीएनएस की धारा 170, 126,2 191,2 170, 135 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया। शुक्रवार को आरोपियों गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां सभी आरोपियों को जमानत दे दी गई।

**आम सूचना**

सर्व साधारग आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सचिन कुमार सराफ, सुमीत कुमार सराफ पिता छत्रपाल सराफ एवं श्रीमति कंचन मालिनी सराफ पति छत्रपाल सराफ निवासी एमक्यू 1537, प्रगति नगर, दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अधिकृत कर निर्देश दिये जाने पर यह सूचना प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने परिवर्तित भूमिस्वामी राजेन्द्र प्रसाद केजरीवाल, विजय कुमार केजरीवाल पिता मदनलाल केजरीवाल निवासी बिधान नगर, नार्थ परगना, कोलकाता (प. बं) द्वारा मुख्तयार आम राजेन्द्र कुमार उपाध्याय पिता भरतलाल उपाध्याय निवासी आनंद विहार, उसलापुर, बिलासपुर (छ.ग.) की परिवर्तित भूमि स्थित ग्राम चांटीडीह, प.ह.नं. 33, नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की खसरा क्र. 239/4 का टु, रकबा 2204 वर्गफुट को मेरे पक्षकारगण ने क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है। उक्त भूमि के स्वामित्व एवं कब्जे पर किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को कोई आपत्ति हो तो 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपने समस्त मूल दस्तावेज सहित कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। मेरा पक्षकार अविलम्ब उक्त भूमि का बिक्री पत्र पंजीयन करवेगा। 10 दिवस के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार को बंधनकारी नहीं होगा। सूचना जाने।
बिलासपुर (छ.ग.)
दि. 11.7.2025

भवदीय- प्रशांत गुप्ता (अधिवक्ता)
भाजपा कार्यालय के सामने, करबला रोड, पुष्पांजली नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मोबाईल 9303060003

**न्यायालय- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया छ.ग.**
//ईश्तहार//

प्रति,
01. प्रति जितेन्द्र कुमार भाटिया आ. स्व. मनोहर लाल भाटिया, निवासी- एम.आई.जी. 43, पारिजात कैसल, रिंग रोड नं. 01, सिविल लाईन बिलासपुर, हाल मुकाम क्वार्टर नं. 76, फ्लोरल सिटी पुराना धमतरी रोड, सेज बहार थाना मुजराहन रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
02. श्री सुदीप बड़ौकर आ. स्व. दिलीप बड़ौकर, निवासी- क्वार्टर नं. डी/9, गीतांजली सिटी सरकण्डा थाना सरकण्डा बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.
03. श्री संतोष श्रीवास्तव आ. श्री एस.के. श्रीवास्तव, निवासी- क्वार्टर नं. बी 719 रामा लाईफ सिटी, थाना सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) 04. श्री राजेश शर्मा आ. श्री उमेश शर्मा निवासी प्रेमनगर डोमनहिल, थाना चिरमिरी जिला एम.सी.बी. छ.ग.।

एतद् द्वारा इस प्रकाशन ईश्तहार/नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध आवेदक- श्रीमती कांति मजुमदार पति श्री दुलाल कांति मजुमदार निवासी- टीचर्स कॉलोनी डोमनहिल थाना एवं तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. में प्रकरण क्रमांक- 25/2024 प्रस्तुत किया गया है।

अतः आप जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष बैकुण्ठपुर कोरिया छ.ग. के समक्ष दिनांक- 16.07.2025 को 11.00 बजे दिन में उपस्थित होकर अपना जवाब दावा प्रस्तुत करें। यदि पेशी तिथि दिनांक 25.07.2025 को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जाएगी। आपकी अनुपस्थिति एवं जवाबदावा प्रस्तुति के अभाव में आपके विरूद्ध उक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम आदेश पारित किया जायेगा।
अतएव आज दिनांक 01.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व इस न्यायालय/आयोग के पदमुद्रा एवं मोहर द्वारा जारी किया गया।
दिनांक 01.07.2025

(राजेन्द्र प्रधान)
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया छ.ग.

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 बिलासपुर**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न. -00025 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202425400106300379
**ईश्तहार**
तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00025 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी मनमीत सिंह सलूजा पिता/पति ब्रजमोहन सलूजा पता- बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 917/4 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती शकुन राव पिता/पति स्व. प्रकाश राव पता- डॉ. एस. एन. शुक्ला के पास मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23/07/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 2 बिलासपुर पर की जावेगी। उपरोध के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/06/2025 को जारी किया जाता है।
नायब तहसीलदार : Rahul sharma
बिलासपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क/ना.तह. / वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 09/07/25
आवेदिका दसरी बाई साहू पति स्व. मुखीराम साहू निवासी जोरापारा बिलासपुर के द्वारा मौजा खमतराई प.ह.न. 25 तह. व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 285/13 रकबा 0.4050 हे. शामिल खाता की भूमि का खाता विभाजन किये जाने का आवेदन पेश किया गया है।
उक्त सबंध मे हलका पटवारी खमतराई के द्वारा आवेदित भूमि का फर्द बटंवारा प्रस्तुत किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त फर्द बटवारा सूची किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 16/07/2025 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनाँक 09/07/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर**
मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00033 चांटीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425400107400157
**ईश्तहार**
तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00033 के अंतर्गत ग्राम चांटीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी मोहम्मद सफात हरीश, मोहम्मद तारिक हरीश, मोहम्मद सोएब हरीश मंसूरी, पिता मो. इलियास पता-पेण्ड्रारोड गौरेला, मकसूदन बी पति मो. इलियास पता-पेण्ड्रारोड गौरेला के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 20/66 (0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी मोहम्मद सफात हरीश पिता/ पति-मोहम्मद इल्यास पता-चांटीडीह बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/07/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/25 को जारी किया जाता है।
तहसीलदार Garima Thakur
तहसील बिलासपुर

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./ब-121/2024
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.
**ईश्तहार**
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पाठक पिता अमृतलाल पाठक जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम बीजा प.ह.नं. 16 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र निलेश कुमार पिता अशोक कुमार पाठक के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 25/07/2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पंदमुद्रा से आज दिनाक 11/07/25 को जारी किया जाता है।
तहसीलदार, तखतपुर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बदराबाई पति झाडूराम निवासी ग्राम परसाही प.ह.नं. 56 रा.नि.मं. सीपत तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक ने माता गनेशिया की जन्म/ मृत्यु दिनांक 17.06.1995 को हुआ है जो पंजीयन नहीं होने के कारण प्रमाण पत्र प्रदाय नहीं किया गया है। आवेदक अपने माता नाम गनेशिया पिता मुनिराम का जन्म/ मृत्यु का प्रमाण पत्र की मांग किया है। अतः इस सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का कोई दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22.07.2025 को अपना दावा आपत्ति उप तहसील सीपत में प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद वाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 08.07.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।
तहसीलदार
सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख पंजी. क्रमांक 222020083223003 दिनांक 17/07/2020 के अनुसार M/S Jayem Buildcon फर्म में सात साझेदार रामवतार अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, अमन अग्रवाल, श्री बजरंग अग्रवाल, सुनीता देवी अग्रवाल, अंकित अग्रवाल और विष्णु प्रसाद अग्रवाल के माध्यम से व्यापार एवं लेन देन किया जा रहा था।
यह कि दिनांक 03/07/2025 से उक्त फर्म में संशोधन कर दिया गया है जिसके अनुसार अब साझेदारी विलेख के अनुसार उक्त फर्म में से रामवतार अग्रवाल, शिखर अग्रवाल और अमन अग्रवाल को उनकी सहमति से अलग कर दिया गया है और नमन गोयल और अंकित अग्रवाल को सतत साझेदारों की सहमति से शामिल किया गया है। वर्तमान साझेदार इस प्रकार है- (1) श्री बजरंग अग्रवाल (2) श्रीमति सुनीता देवी अग्रवाल (3) श्री अंकित अग्रवाल पिता श्री सुभाष चंद अग्रवाल (4) श्री विष्णु प्रसाद अग्रवाल (5) श्री नमन गोयल (6) अंकित अग्रवाल पिता सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल अतः उपरोक्त संशोधन के सम्बन्ध में सर्वसाधारण हेतु यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।
वास्ते- M/S Jayem Buildcon
साझेदार- श्री अंकित अग्रवाल
पता- अजंता सॉ मिल, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

**प.ह.नं.48 ग्राम बहतराई रा.नि.म. मोपका तह. एवं जिला बिलासपुर सूचना**
प्रति 1. रविन्द्र कुमार देबर व डी. कुमार स्वामी 2. अरविन्द वर्मा व विश्वनाथ प्रसाद 3. रामकुमार यादव व. स्व. दुखीराम यादव
विषय सीमांकन में उपस्थित रहने बाबत |
संदर्भ न्याया.नायब तहसीलदार कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर छ.ग ज्ञापन क्र./ 10/ना/तह/वा/2025। बिलासपुर दिनांक 27/5/2005/
विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम बहतराई प.ह.नं. 48 रा.नि.म. मोपका तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 326/8, रकबा 2400 व.फु. का सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका रविन्द्र कुमार देबर पिता/प्रति डी. कुमार स्वामी निवासी कोरिया ने आवेदक न्याया.नायब तहसीलदार बिलासपुर मे आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके परिपालन में दिनाँक 15/07/2025 समय 12:00 को सीमांकन कार्य रखा गया है जिसमे आप सभी चौहद्दी धारको की उपस्थिति अनिवार्य है आप या आपके वकील सम्पूर्ण दस्तावेजो के साथ मौके पर उपस्थित होवे अन्यथा जिम्मेदारी आपकी होगी।
भारत सिंह
प.ह.नं. 48
बहतराई

## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर पैसे की मांग, युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** चाकू दिखाकर पैसे की मांग कर युवक से मारपीट करने वाले हमलावर के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा लक्ष्मी चौक निवासी कन्हैया चंद्राकर पिता स्व. बिरझू चंद्राकर साड़ी दुकान में सेल्समैन हैं। 10 जुलाई की रात 10.45 बजे वे अपने घर से निकलकर थोड़ी दूर गली में खड़े थे। उसी समय तीन अज्ञात लड़के बाइक से उनके पास आए और शराब खरीदने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर 500 रुपए निकालो कहकर गाली गलौज की और चाकू दिखाकर धरपकड़ करते हुए पत्थर से मारपीट की। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 3, 5, 351 , 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चाचा ने भतीजे के सिर पर किया हमला

**बिलासपुर।** धान बोआई के विवाद में चाचा ने रांपा से भतीजे से सिर पर जान लेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर चाचा के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, गतौरा वार्ड क्रमांक 3 निवासी रामनारायण यादव पिता जगदीश यादव 10 जुलाई को अपने धर से नवा तालाब के पास स्थित कुलेश्वर विश्वकर्मा के खेत में धान बोने गए थे। सुबह 11 बजे उनका यादव बद्री यादव आया और धान बोआई करने के लिए ट्रैक्टर ले जाने से मना कर रहा है कहकर रामनारायण के सिर पर रांपा से जान लेवा हमला कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर बद्री यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।



### टायलेट में मृत अवस्था में मिले बैंक मैनेजर

**बिलासपुर।** टायलेट में बदहवास हालत मिले बैंक मैनेजर को पहले निजी हास्पिटल ले जाया गया। उसके बाद सिम्स ले जाने पर डाक्टर ने परिक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक नवीन सोनकर ने बताया, मूलत : हरियाणा सोनीपत निवासी मनीष भोरिया पिता पुरनमल भोरिया 40 साल पत्नी बच्चों के साथ नेहरू नगर परिजात कालोनी जे 2 में किराए के मकान में रह रहे थे। श्री भोरिया एरमशाही केनरा बैंक में शाखा प्रबंधक थे। 10 जुलाई की रात वे बैंक से घर आए और खाना खाने के बाद रात 11 बजे सो गए। 11 जुलाई सुबह 7 बजे उनकी पत्नी सोकर उठी तो उनके पति बेड पर नहीं थे। टायलेट में जाकर देखे तो बदहवास पड़े थे। परिचितों के द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए नजदीक के निजी हास्पिटल में ले जाया गया। जहां उनकी स्थिति को गंभीर बताया गया। उसके बाद परिजन उन्हें सिम्स लेकर गए जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### मवेशी से टकराकर गिरने से युवक की मौत

**बिलासपुर।** बीती रात मवेशी से टकराकर बाइक सवार दो युवक डिवाइडर में गिर गए। सिर में चोट लगने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक को सिम्स में भर्ती कराया गया है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, बेलतरा बरभाठा निवासी अनिल कोरम पिता शंभू सिंह कोरम 38 साल साथी नितिन सोनी के साथ बाइक से जा रहे थे। रात 8.30 बजे रतनपुर बाइपास जय प्रकाश ढाबा के पास सड़क पर कुत्ता मरा हुआ पड़ा था। उसे देखकर कट मारकर तेज रफ्तार से निकले तो सड़क में बैठे मवेशी से टकराकर डिवाइडर में गिर गए। सिर में गंभीर चोट लगने से अनिल कोरम की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल नितिन सोनी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

---

**शिक्षा विभाग गंभीर नहीं** | सेंदरी आत्मानंद स्कूल का चौथी कक्षा का छात्र आया चपेट में

# सुरक्षित नहीं हैं कई स्कूल, करंट के खतरे के बीच हो रही पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंदरी स्थित स्वामी आत्मानंद प्राथमिक स्कूल में करंट फैल रहा है। इसकी चपेट में बच्चे आ रहे हैं। चौथी क्लास के एक बच्चे निलेश पटेल को निजी अस्पताल में भर्ती भी कराया गया है। बच्चों ने बताया कि इस तरह दीवारों में करंट लगातार फैल रहा है जिससे की क्लास अटेंड करने में खतरा भी है। बताया जा रहा है कि लगातार हो रही बारिश के कारण करंट पूरी दीवार में फैल गया। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को दे दी गई है।

बारिश के सीजन में करंट जल्दी फैलने की आशंकाओं के बीच शहर व अंचल में कई सरकारी स्कूलों में बच्चे खतरे के बीच पढ़ाई कर रहे हैं। इन स्कूल भवनों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन निकली है, वैसे तो यह लाइन स्कूलों की स्थापना के समय से ही है लेकिन कुछ जगह पेड़ों की पत्तियां, डालें लाइन से छूने लगी हैं ऐसे में करंट फैलने की आशंका बनी हुई है। इसको लेकर न तो शिक्षा विभाग गंभीर नजर आ रहा है न ही अपने मेंटनेंस के तहत बिजली कंपनी को यह नजर आ रहा है।





**पेड़ों की कटाई-छंटाई आवश्यक:** दरअसल हरियाली महोत्सव व अन्य आयोजनों के दौरान स्कूलों के परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। समय बीतने के साथ ये पौधे अब पेड़ का रूप लेते जा रहे हैं। इनकी ऊंचाई बढ़ने से ये बिजली लाइन के करीब तक पहुंच गए हैं। ऐसे में कटाई-छंटाई आवश्यक हो गई है ताकि करंट के खतरे से सुरक्षित रहा जा सके। शहर के बाहर कई स्कूल भवनों ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकली है। इस लाइन तक पेड़ पहुंच गए हैं। ग्रामीणों ने बताया ऐसी स्थिति में बारिश के दिनों में करंट फैल सकता है। खास तौर पर भोजन अवकाश व आते-जाते समय विद्यार्थियों की चहल-पहल स्कूल परिसर में बनी रहती है, पेड़ों के आसपास भी बच्चे खेलते रहते हैं। ऐसे में करंट का खतरा बना हुआ है।

### स्कूल परिसर में खुले पड़े हैं डिब्बे

शहर व अंचल में कई स्कूल भवन ऐसे भी हैं जिनके परिसर में या फिर आसपास ट्रांसफार्मर के डिब्बे खुले पड़े हैं। कुछ जगह ये डिब्बे व्यवस्थित रूप से बंद नहीं हैं जिससे भी करंट का खतरा बना रहता है। रोजाना इसी स्थिति में बच्चे पढ़ाई करते हैं और खेल-कूद में व्यस्त रहते हैं। लेकिन स्कूल प्रांगण के बीचोंबीच लगे ट्रांसफॉर्मर कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्कूलों के शिक्षक और प्रबंधन ने कई बार विद्युत विभाग को आवेदन देकर ट्रांसफॉर्मर को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह विभागीय लापरवाही न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा को चुनौती दे रही है, बल्कि किसी अनहोनी की आशंका को भी लगातार बढ़ा रही है। हालांकि कुछ स्कूलों में प्रबंधन द्वारा इन डिब्बों के आसपास जाने से बच्चों को रोकने के लिए आवश्यक कदम भी उठाए गए हैं।

### हाईकोर्ट पहले ले चुका है मामले में संज्ञान

गौरतलब है कि करंट की वजह से तुर्काडीह सरकारी स्कूल के 139 बच्चों पर मंडरा रहे खतरे के मामले में हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लिया था। नोटिस के बाद स्कूल शिक्षा की ओर से कहा गया कि स्कूल से गुजर रहे अवैध कनेक्शन के तारों को हटा दिया गया है। दरअसल करंट और जर्जर छत से बच्चों को खतरा होने की खबर पर चीफ जस्टिस ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। कोर्ट ने इस बात पर चिंता जताई कि पूरा स्कूल भवन अवैध बिजली कनेक्शन के तारों से घिरा हुआ है। इससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। शिक्षा विभाग और बिजली विभाग को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। भवन जर्जर हो चुका है और इससे सटा हुआ ही ट्रांसफार्मर लगा है, जहां से अधिकांश ग्रामीणों ने अवैध कनेक्शन लिया, जिसकी वजह से स्कूल में करंट आता है।

---

**कार्रवाई : सरकण्डा पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

# रंगदारी से गाड़ी गिरवी रखकर ब्याज में पैसा देने वाला सूदखोर गिरफ्तार, 19 बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रंगदारी से गाड़ी गिरवी रखकर ब्याज में पैसा देकर डरा धमका कर गाड़ी रख लेने वाले सूदखोर को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास गिरवी रखी 19 बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय को सूचना मिली ग्राम परसाही में एक ग्रामीण ने घर के पीछे बाड़ी में बड़ी संख्या में बाइक छिपाकर रखा है, संभवतः उक्त बाइक चोरी की है। उनके निर्देश पर एएसआई शैलेन्द्र सिंह, संजीव जांगड़े, विवेक राय, सत्य कुमार पाटले व अन्य ने परसाही निवासी महेश कुमार डहरिया के घर में दबिश दी, यहां बाड़ी में छिपाकर रखी गई 19 बाइक मिली। पूछताछ के दौरान महेश कुमार डहरिया संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा था। जांच के दौरान सीपत पंधी निवासी भागवत प्रसाद सूर्यवंशी ने थाने में पुलिस को बताया कि उन्होंने महेश डहरिया से संपर्क कर अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एवाय, 8098 को उसके पास गिरवी रखकर 5 प्रतिशत ब्याज में रुपया उधार लिया। एक माह पूरा नहीं होने पर भी महेश डहरिया उससे ब्याज की रकम व गाड़ी मूल कापी मांगने लगा। नहीं देने पर मारने पीटने की धमकी दे रहा था। उसके डर से उन्होंने ब्याज 400 रुपए व बाइक की मूल कापी उसे दे दी थी। पुलिस ने महेश डहरिया से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बिना लाइसेंस के लोगों की बाइक गिरवी में रखकर ब्याज में रकम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने भागवत प्रसाद सूर्यवंशी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 5 एवं 3, 4 कर्जा एक्ट के तहत सूदखोर महेश डहरिया को गिरफ्तार कर लिया है।



थाने में जब्त बाइक व इनसेट में आरोपी।

### सूदखोर की गांव में दहशत

आरोपी सूदखोर महेश कुमार डहरिया गांव में रंगदारी से बिना लाइसेंस के सूदखोरी का धंधा कर रहा था। वह लोगों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए सामान रखकर ब्याज में पैसा देता था और रंगदारी से ब्याज की रकम वसूली करता था। टालमटोल करने पर मारपीट करता था। इसी के चलते पीड़ित लोग उसके खिलाफ रिपोर्ट नहीं लिखा रहे थे।

### शहर में भी सूदखोर सक्रिय

तोरवा में बुधवारी क्षेत्र, कोतवाली में दयालबंद, सिरगिट्टी सरदार मोहल्ला के आसपास दर्जनों सूदखोर बिना लाइसेंस के सूदखोरी का कारोबार संचालित कर रहे हैं। तीनों क्षेत्र में रेलवे कर्मियों को शिकार बनाया जता है। सूदखोर ब्याज में रकम देकर रेलवे कर्मियों की बैंक पासबुक अपने पास रख लेते है। उनका वेतन भी सूदखोरों द्वारा निकाला जाता है।

### पूर्व में बनी थी पृथक से टीम

पूर्व आईजी पवनदेव ने सूदखोरी के मामले को गंभीरता से लेते हुए पृथक से सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पृथक से पुलिस टीम का गठन किया था। सैकड़ों की संख्या में पीड़ित लोगों के द्वारा शिकायत की गई थी। उस दौरान पुलिस टीम के द्वारा बड़े बड़े सूदखोरों को पकड़कर जेल भेज दिया गया था।

---

**दाधापारा में रेलवे करेगा अंडर ब्रिज पहुंच मार्ग का निर्माण**

## बोदरी तहसील के दस खसरों की खरीदी-बिक्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा नगर पंचायत बोदरी में दाधापारा फाटक के पास रोड अंडर ब्रिज पहुंच मार्ग निर्माण प्रस्तावित होने के कारण निजी एवं सरकारी भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। ऐसी स्थिति में अभिसरण (एलाईनमेंट) में आने वाली भूमि की अनाधिकृत खरीद-बिक्री में स्थानीय व बाहरी लोगों की संलिप्तता रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा महल नंबर तीन के छह खसरों व महल नंबर पांच के चार खसरों की खरीदी-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है।

रेल प्रशासन द्वारा सार्वजनिक परियोजना के क्रियान्वयन में बाधा होने की संभावना व्यक्त करते हुए उक्त रेलवे लाईन के अभिसरण (एलाईनमेंट) क्षेत्र में आने वाली सभी भूमि की अधिग्रहण की अंतिम प्रक्रिया पूर्ण होने तक खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने की शासन से मांग की गई थी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भूमि अर्जन प्रक्रिया के अधीन भूमि के बेहतर प्रशासन के लिए भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपवर्तन तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णत प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश जारी किए गए है। इसके मद्देनजर सभी कारणों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा बोदरी तहसील अंतर्गत महल नंबर तीन के खसरा नंबर 132/1, 132/2, 133/1, 134/2, 134/3 व 133/2 की खरीदी-बिक्री व महल नंबर पांच अंतर्गत 158/1, 159, 160 व खसरा नंबर 161 की खरीदी बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है।

- बिचौलियों से बचने प्रतिबंधित की गई जमीन की खरीदी-बिक्री

शासन द्वारा इसके पीछे अर्जन के अधीन भूमि का बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण भूमि अर्जन की लागत में अप्रत्याशित वृद्धि को कारण माना गया है। इसके साथ ही इस पूरी प्रक्रिया में मूल भूमिस्वामी को समुचित लाभ होने के बजाए भूमि की खरीदी-बिक्री में संलिप्त बिचौलियों और भू-माफियाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाता रहा है, जिससे भूमि के अवैधानिक अंतरण के कारण शासन को अनावश्यक ही आर्थिक क्षति होने के अलावा वाद कारणों की बहुलता भी होती है। परिणामस्वरूप सार्वजनिक हितों के परियोजनाओं में अनावश्यक विलम्ब को भी बड़ा कारण माना गया है।

---

## फिर मिले मलेरिया के मरीज, दो दिन बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में एक बार फिर मलेरिया के मरीज मिले हैं। दो दिनों से यहां रह रहे लोगों को रह-रह कर बुखार आने की शिकायत मिली थी, जंगलों के बीच पहाड़ों पर रहने वाले बैगा आदिवासियों के बीच स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सर्वे किया है, जहां 6 मरीजों को मलेरिया की पुष्टि हो रही हो चुकी है। टीम ने सभी को एसीटी की दवा का वितरण किया है।

- विभाग ने की 6 मरीजों की पुष्टि
- 50 से अधिक बैगा आदिवासी पर किया गया सर्वे

इस साल भी कोटा क्षेत्र में मलेरिया के मरीज मिल रहे हैं। पिछले दो दिनों से वहां के लोगों को मलेरिया ने परेशान कर रखा है। जंगलों के बीच रहने वाले बैगा आदिवासी परिवार के 50 से अधिक मलेरिया प्रभावित क्षेत्र में रह रहे हैं। यहां हर साल मलेरिया फैलने का अंदेशा लगा रहता है, पिछले साल भी मलेरिया की वजह से 2 लोगों की मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि कोटा ब्लॉक के केंदा पीएचसी छतौना का सब सेंटर है, पास के ही ग्राम केराचुआ में मलेरिया के मरीज मिले हैं, यह इलाका पहाड़ों से घिरा है और जंगलों के बीच से आवागमन करने को मजबूर होना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग पहुंच विहीन गांव में पहाड़ों के रास्ते पहुंची और मरीजों के लिए सर्वे किया है।

### टीम ने बांटी दवा

जानकारी के अनुसार जिला मलेरिया अधिकारी डॉ बीके वैष्णव, सलाहकार कृष्णा कुमारी, मलेरिया सुपरवाइजर अतुल सिंह, आरएचओ, सीएचओ और मितानिनों के साथ टीम गांव पहुंची। इस दौरान यहां के 12 घरों में 50 से अधिक बैगा आदिवासी परिवार मिला, बुखार आने पर टीम ने आरडी किट के साथ जांच की और 6 मलेरिया पाजिटीव पाए गए है। सभी को एसीटी की दवा का वितरण किया गया है।

### वितरित की गई है दवा

मलेरिया के मरीज मिलने की जानकारी मिलने पर जिला मुख्यालय से टीम भेजी गई थी, 6 पाजिटीव मरीज मिले है। सभी को दवा का वितरण किया गया है।

**-शुभा गढ़ेवाल**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### ठगी की रकम इधर उधर करने वाले खाताधारक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** साइबर रकम को इधर उधर करने वाले म्यूल बैंक खाता धारक के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र पुणे जिला अंतर्गत कोंधवा निवासी सूर्यकांत जेना ने समन्वय पोर्टल पर 26 दिसंबर 224 को शिकायत दर्ज कराई थी। कृतार्थ केशरवानी नामक व्यक्ति के बैंक खाते में साइबर ठगी से मिले 22 हजार 900 रुपए जमा की गई है। इसी तरह नागालैंड के पश्चिम दीमापुर में रहने वाले संजय से ने खाता धारक के खिलाफ शिकायत की। उनसे 20 हजार 500 रुपए ठगी की है। जांच में पत चला है 8 अगस्त 2024 से 31 मई 2025 के बीच कृतार्थ के खाते में 5 लाख 49 हजार का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। प्रारंभिक जांच में आरोपी ने अपने बैंक खाते का उपयोग जानबूझकर साइबर अपराध में किया है। उसके खाते से पीड़ितों से ठगे गए रकम को अपने लाभ के लिए उपयोग किया जा सके। सारे रुपए पीड़ितों से धोखाधड़ी कर ली गई थी। पुलिस ने तथ्यों के आधार पर कृतार्थ केशरवानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 317, 5, 318, 4, 323, 61, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सर्वर ठप, फर्स्ट हाफ तक एक भी रजिस्ट्री नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्वर बाधित होने के कारण लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी रजिस्ट्री बाधित रही। हालत यह है कि फर्स्ट हाफ तक अपराह्न तीन बजे तक की स्थिति में एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी थी। सर्वर ठीक होते ही रजिस्ट्री सुचारू रूप से होने लगी थी, जिससे पक्षकारों ने राहत की सांस ली।

सर्वर के सुबह से लगातार बाधित रहने के कारण जिले में रजिस्ट्री खासी प्रभावित रही। हालत यह थी कि अपराह्न तीन बजे तक कोई रजिस्ट्री नहीं की जा सकी थी। इसके बाद सर्वर में कुछ सुधार हुआ व रजिस्ट्री प्रारंभ की गई। सर्वर की खराबी के चलते ही गुरूवार को भी रजिस्ट्री बाधित हुई थी, जिससे पक्षकारों को बगैर रजिस्ट्री वापस लौटना पड़ा था। इनमें वैसे पक्षकार भी शामिल थे, जिन्हें रजिस्ट्री के लिए अपॉइनमेंट जारी किया जा चुका था। इससे पहले गुरूवार को माई डीड साफ्टवेयर प्रारंभ होते ही ऑफलाईन रजिस्ट्री बंद कर दी गई थी, पक्षकारों को बगैर रजिस्ट्री के वापस लौटना पड़ा था। इधर शुक्रवार को आधे समय तक सर्वर ठप होने के कारण कोई रजिस्ट्री नहीं हो सकी। शुक्रवार के लिए ऑफलाईन रजिस्ट्री मान्य करते हुए पहले से जारी सभी अपॉअंटमेंट में रजिस्ट्री कर दी गई। सोमवार से रजिस्ट्री की प्रक्रिया शत प्रतिशत ऑनलाईन पद्धति से की जाएगी।

### आधे टाइम में ही 60 रजिस्ट्री

रजिस्ट्री विभाग में प्रतिदिन औसतन 50 से 60 जमीनों का पंजीयन किया जाता है। शुक्रवार को आधे समय तक सर्वर ठप रहने के कारण कोई रजिस्ट्री नहीं होने के बाद भी शाम तक रजिस्ट्री की संख्या 60 तक पहुंच चुकी थी। दोपहर बाद सर्वर ठीक होते ही विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा रजिस्ट्री के लिए जारी किए गए सारे अपॉइंटमेंट तत्परता से पूरे किए गए। लिहाजा सर्वर ठप होने के बाद भी विभाग ने रजिस्ट्री का प्रतिदिन का औसत पूरा कर लिया।

### आफलाइन रजिस्ट्री हुई

सर्वर के लगातार ठप रहने के कारण रजिस्ट्री पूरी तरह बंद थी। सर्वर में दोपहर बाद कुछ सुधार होने पर रजिस्ट्री प्रारंभ हो सकी, लेकिन शाम तक करीब 60 रजिस्ट्रियां की जा चुकी थीं। इनमें से कुछ अपॉइनमेंट पहले के भी जारी किए गए थे। शुक्रवार को ऑफलाइन रजिस्ट्री भी मान्य की गई थी।

**-नागेंद्र पटेल**
सब रजिस्ट्रार

---

## आनलाइन प्रोडक्ट्स विज्ञापन में काम करने का झांसा देकर 16 लाख की ठगी


**बिलासपुर।** आनलाइन प्रोडक्टस विज्ञापन में काम करने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 16 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, देवरीखुर्द मंगल विहार फेस 1 निवासी राजा विवेक विश्वास घिरही पिता विष्णु नारायण घिरही ने रिपोर्ट लिखाई। 3 जुलाई को मनीषा परमार नामक महिला ने उन्हें टेलीग्राम पर संदेश भेजकर पूछा कि क्या वे आनलाइन कार्य करना चाहते हैं। उन्होंने हां कहा तो उनका नाम, उम्र, पता पूछा और बताया कि उनकी टीम उनसे संपर्क करेगी। 4 जुलाई को प्रीति नामक महिला ने उनसे वाट्सएप पर संपर्क किया। उसने उन्हें कंपनी के बारे बताते कहा कंपनी को शापवेयर है और कार्य प्रोडक्ट्स कपड़े, घड़िया, आदि के विज्ञापन से संबंधित है। वेब साइट पर बिना किसी शुल्क के खाता बनाकर कार्य शुरू करने को कहा गया। उनके निर्देश पर श्री घिरही ने खाता बनाया और पहले दिन 973, 5 जुलाई को 10 हजार कमीशन मिला। बाद में अन्य के नाप पर 19 हजार 600 रुपए जमा कराए गए। जिसके बाद 34 हजार कमीशन मिला। 7 जुलाई को कंपनी के कथित एनिवर्सरी इवेंट में भाग लेने के नाम पर उनसे अलग अलग किस्तों में 15 लाख 59 हजार 404 रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 घ आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### कार चलाकर बछड़े को कुचला, वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार सवार ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बछड़े को कुचल दिया। सोशल मीडिया में हादसे की वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, 10 जुलाई की शाम नारियल कोठी रोड रानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास एक अज्ञात कार चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते गाड़ी मोड़ते हुए बछड़े को चपेट में लिया, जिससे बछड़े की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गौ सेवक टिकरापारा निवासी मोहित यादव को सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज में एक कार सवार बछड़े को कुचलते हुए नजर आ रहा था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


सुमीत बाजार™
प्रीमियम ब्रांडेड
कोटसूट, शेरवानी,
ब्लेजर, इंडो वेस्टर्न,
जोधपुरी, जीन्स,
ट्राउजर, शर्ट,
टीशर्ट एवं कोर्ड सेट
मेन्स वियर
SALE
SPECIAL OFFER
BUY 1 GET 1 FREE*
*Sale on selected product
स्पेशल ऑफर
फैंसी पार्टी वियर फार्मल एवं केजुअल पेंट ₹499
फैंसी ब्रांडेड शर्ट ₹499
मानसून स्पेशल ड्राईफिट लोवर ₹199
प्रीमियम डाउन शेल्डर टीशर्ट ₹149
KILLER
integriti
CUSTOM JEANS
FFREAK JEANS
APPOLLO
easies BY KILLER
TURTLE
Cross Color
TWILLS
MONTE CARLO
AMENDUS
*condition apply
FRESH & LATEST
साड़ियाँ
SALE
UP TO 50%* OFF
*Sale on selected product
• डोला सिल्क • टसर सिल्क • पटोला कॉटन सिल्क
• बैंगलोर सिल्क • साउथ कॉटन • सिन्थेटिक प्रिंट्स
• कॉटन प्रिंट • डिजाईनर साड़ी • मसलीन प्रिंटेड साड़ी
• लिनन एम्ब्रायडरी प्रिंटेड साड़ी • काँजीवरम साड़ी
• नववारी साड़ी • जार्जेट एवं सिफॉन साड़ी
• डोला प्रिंटेट • मैसूर साड़ी
*condition apply
स्पेशल ऑफर
साऊथ सिल्क साड़ियाँ BUY 1 GET 2 ₹749
1 साड़ी खरीदने पर 2 साड़ियाँ फ्री
लिनन प्रिंट साड़ियाँ BUY 1 GET 1 ₹499
1 साड़ी खरीदने पर 1 साड़ियाँ फ्री
डिजिटल चंदेरी साड़ियाँ BUY 1 GET 1 ₹799
1 साड़ी खरीदने पर 1 साड़ियाँ फ्री
डोला मीना सिल्क डिजिटल जेकार्ड सिल्क साड़ियाँ BUY 1 GET 1 ₹999
1 साड़ी खरीदने पर 1 साड़ियाँ फ्री
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विदाई व सम्मान समारोह



**दगोरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दगोरी में नवीन स्वास्थ्य अधिकारियों के स्वागत एवं कोहरौदा के आरएचओ संजय बंजारे, ममता बंजारे के स्थानांतरण पर विदाई समारोह मेडिकल ऑफिसर डॉ मंजूलता वर्मा एवं सेक्टर पर्यवेक्षक अल्मा केरकेट्टा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें सेक्टर दगोरी के समस्त कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे एवं नए सीएचओ मनीषा वर्मा पौसरी, छाया वर्मा मुरकुटा, दिव्या बंजारे कोहरौदा, राजनंदनी खरे तालागांव, सुचित्रा कोरी हथनी सहित द्वितीय एएनएम अर्चना सन्नाट, सुषमा कौशिक, कुमार कौशल जितेंद्र बंधे का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन हरीश सन्नाट ने किया गया, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ मंजू वर्मा ने की। मुख्य अतिथि संजय ममता बंजारे, विशिष्ट अतिथि डॉ प्रखर गुप्ता तथा सुरेश बंजारे एवं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ मंजू वर्मा मेडिकल ऑफिसर ने किया। कार्यक्रम में पीएचसी से सुषमा सन्नाट, प्रियंका लाश्कर, प्रहलाद कौशिक, ध्रुव भैया, रवीना सोनवानी, मसीह सिस्टर, समाज सेवी दशरथ सन्नाट, सेक्टर से आरएचओ उमा मनहर, रोहित कौशिक, सुरेश तिवारी, शारदा उपाध्याय, प्रभा उपाध्याय, सविता निर्मलकर, घनश्याम उपाध्याय, मितानिन ट्रेनर अलखनंदा सूर्यवंशी, दुलारी निर्मलकर, देवकी वर्मा, फूलवती सहित समस्त कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### एबीवीपी ने गुरुकुल विद्यालय में किया पौधरोपण



**तखतपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर एबीवीपी इकाई तखतपुर के कार्यकर्ताओं ने गुरुकुल विद्यालय में पौधरोपण कर छात्रों की पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र पुनर्निर्माण पर युवाओं की भूमिका की विषय पर चर्चा की। विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ इस विषय पर चर्चा करते हुए विभाग संगठन मंत्री अमित कुमार ने समाज में छात्रों की भूमिका में अहम विचारों से विद्यार्थियों में निरंतर सेवा कार्य एवं सामाजिक कर्तव्य बोध पर संवाद किया। नगर अध्यक्ष एमडी पाठक ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए सामाजिक क्षेत्र से सेवा कार्य हेतु जुड़े रहने का मार्गदर्शन किया एवं समस्त शिक्षकों ने शिक्षा और कौशल विकास पर मार्गदर्शन किया। वहीं कार्यक्रम में बिलासपुर विभाग के विभाग छात्रा प्रमुख स्मृति पटेल, जिला संयोजक अनुराग कबीर, नगर सह मंत्री मीनल सोनी, नगर कार्यकारिणी सदस्य नूतन प्रजापति, प्रतिक पटेल, रेहान अंसारी, हर्ष मेहर और नगर के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### सरस्वती महिला समिति ने किया पौधरोपण



**लोरमी।** सरस्वती महिला समिति गांधीडीह की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' आभियान के तहत महामाया मंदिर परिसर गांधीडीह में आंवला, सिंदूर, परिजात, आम, अमरूद, नीम आदि फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। महिला समिति ने कहा कि मां के लिए कुछ करना जीवन का छोटा सा प्रयास है, जिसमें हम उनका आभार व्यक्त कर सकें। इसी भावना से यह आभियान चलाया जा रहा है। यह पर्यावरण संरक्षण ने साथ मां के सम्मान के प्रति सुंदर अभिव्यक्ति है। समिति ने पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर वृंदा सोनी, माया सोनी, नीलम सोनी, संगीता सोनी, माधुरी शर्मा, अंजनी सोनी रोहणी सोनी, कुन्ती सोनी, दीपा सोनी, लता केशरवानी, साधना केशरवानी आदि उपस्थित रहे।

### नवागांव घुठेरा में 5 दिनों बाद लौटी बिजली

**मुंगेली।** ग्राम पंचायत नवागांव घुठेरा में बीते 5 दिनों से बिजली बंद के बाद शुक्रवार को नए ट्रांसफार्मर लगाए गए, जिसके बाद विद्युत आपूर्ति दुरूस्त हुई।



सरपंच एवं पंचों ने ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित कर ग्राम की सड़क ठीक कराने की मांग की है। नगर से लगे ग्राम पंचायत नवागांव घुठेरा में पिछले 5 दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव में शाम होते ही न सिर्फ अंधेरा छा जाता था, बल्कि पेयजल संकट भी शुरू हो गया था। ग्राम सरपंच नारायण साहू ने बताया कि गांव में लगे हैंडपंप और नल–जल योजना की मोटरें बिजली से संचालित होती हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई थी। जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से सरपंच ने कलेक्टर से ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली और पेयजल आपूर्ति को बहालकरने की मांग की थी। इसी क्रम में बिजली विभाग ने गांव में 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया।

### अंचल में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

# गुरु-शिष्य के बीच अध्यात्मिक संबंध से मिलती है प्रेरणा

## कन्या शाला तखतपुर में किया गया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गुरदीप कौर खुराना की ओर से शिक्षकों का सम्मान शाल और श्रीफल देकर किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्रीमती खुराना ने कहा कि यह दिवस भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का प्रतीक है, जिसमें गुरु को ईश्वर से भी ऊपर स्थान दिया गया है। गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वर मंत्र हमें बताता है कि गुरु न केवल ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि जीवन के प्रत्येक पहलू में मार्गदर्शन करने वाले परम पावन स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध केवल ज्ञान का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक संबंध होता है, जो जीवनभर प्रेरणा देता है। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें ऐसे गुरु मिले हैं, जिन्होंने हमें न केवल पुस्तकीय ज्ञान दिया, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा भी दिखाई। हम गुरु के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। इस अवसर पर कृष्ण कुमार साहू, बंशी पाड़े, दिलीप तोलानी, गुलजीत खुराना, केदार सिंह क्षत्री, मीना ठाकुर, मंजू सिंह, श्यामा रामानंदी, प्राचार्य बीजा हूप सिंह क्षत्री, कामिनी गुप्ता, जेडी कुजूर, मिनाज खान, रश्मि मिश्रा, स्वीटी सिंह, माहेश्वरी सिन्हा, मयंक यादव, एचडी मैरसा, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, कामिनी गुप्ता, दिव्या मिश्रा, पारुल यादव, माहेश्वरी सिन्हा, पुष्पेंद्र दुबे, राम सहाय पाठक, अहिल्या ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।



**ढेंगर गड़रिया समाज ने किया पौधरोपण**

पूर्वजों की स्मृति में ढेंगर गड़रिया समाज ने फलदार व छायादार पौधों का रोपण कृषि मंडी परिसर में किया। इस अवसर पर ढेंगर गड़रिया समाज ने प्रकृति को गुरु मानते हुए उसे सहेजने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नारायण प्रसाद पाली, लक्ष्मण पाली, नीलेश धनकर, सुखचंद पाली, प्रज्ञा पाली, लता भूषण पाली, मीरा नारायण पाली, निर्मला धनगर, प्यारी बाई पाली, भुनेश्वरी धनकर, राखी पाल, प्रतिभा धगकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कबीर कुटी कोटसागर में मना गुरु पूर्णिमा पर्व



**करगी रोड कोटा।** स्थानीय कबीर कुटी कोटसागर में गुरु पूर्णिमा पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, इसके पश्चात उपस्थित संत, महंत एवं गुरुओं का सम्मान श्रीफल एवं गमछा भेंटकर किया गया। मंच से वक्ताओं ने गुरु पूर्णिमा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गुरु की भूमिका को जीवन में सर्वोपरि बताया। विवाह उपरांत उपस्थित संतों-महंतों ने नवविवाहित जोड़े को पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया। संध्या में बोधीदास, बलमदास, मुन्नादास सहित तबला वादक संतोषदास ने भावपूर्ण चौका आरती कर भजन प्रस्तुति दी। आयोजन को सफल बनाने में कबीर कुटी अध्यक्ष रविप्रकाश मानिकपुरी, ब्लॉक अध्यक्ष भरतदास मानिकपुरी, जिला उपाध्यक्ष शंभूदास मानिकपुरी, खुरदुर कमेटी अध्यक्ष विष्णुदास मानिकपुरी, सदस्य सेकूदास मानिकपुरी, प्रकाशदास मानिकपुरी आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के श्रद्धालु श्यामदास, रामदास, मनोजदास आदि मौजूद थे।

### फास्टरपुर में गुरुओं का किया गया सम्मान




**सेतगंगा-मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया एवं परिसर में वृक्षारोपण किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए उनके माथे पर तिलक लगाकर उनको सम्मानित किया एवं उन्हें उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शालाध्यक्ष गणेश गुप्ता ने प्राचीन वैदिक परंपरा एवं गुरुकुल शिक्षा पद्धति पर आधारित गुरू शिष्य-परंपरा पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरू प्रकाश का पुंज होता है। हमारे जीवन में गुरू आवश्यक है हिन्दू धर्म में गुरू को ईश्वर से श्रेष्ठ माना गया है। संस्था प्रमुख पूर्णिमा मिश्रा ने कहा कि गुरू हमारे जीवन के मार्ग दर्शक होते हैं, जो हमें संसार और जीवन के मूल्यों का बोध कराते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक व पालकों ने परिसर में उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया। विद्यार्थिओं ने कविता, गीत और भाषण के माध्यम से गुरुओं के प्रति अपनी अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर शालेय परिवार सहित अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### शिशु मंदिर बरेला में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन



**जरहागांव।** सरस्वती शिशु मंदिर बरेला प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी जरहागांव मंडल के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु नागरिक, शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष नरेश पटेल उपस्थित रहे। साथ ही महामाया मंदिर के पुजारी पं कमल प्रसाद पांडेय, बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी जगमोहन शर्मा, श्रीराम जानकी मंदिर के पुजारी शुभम मिश्रा, छोटे हनुमान मंदिर के पुजारी ठाकुर नोहर सिंह, शिव मंदिर के पुजारी टिकेश्वर पटेल आदि शामिल रहे। प्रधानाचार्य विनोद पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री डॉ राम कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में पार्षद संजय निर्मलकर, नितेश पटेल, हीरालाल पटेल, पवन पटेल, संजय ध्रुवंशी, भागेला ध्रुवंशी, देवहुती बबलू पटेल, राजकुमार साहू, पिंकी गजानन निर्मलकर, नोहर सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

### सोंठी में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम व पौधरोपण



**खमरिया।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत सोंठी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव एवं पौधरोपण कार्यक्रम हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पर जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से कहा कि आप जिस क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं, उसी पर लगन के साथ मेहनत करें। इससे आपको सफलता जरूर मिलेगी। अति विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि शिक्षक शिक्षा देते हैं और गुरु दीक्षा देते हैं। आप अपने लगन से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जपं अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी ने की। विष्टि अतिथि के रूप में शाला विकास समिति अध्यक्ष रामफल धीवर, नागेश्वर सिंह, ढोलाराम कैवर्त, सतीश पाटनवार, कुलेश्वर पाटनवार, उदयभानु ठाकुर, देवी सिंह ठाकुर, जीपी राज गुरुजी एवं ग्राम पंचायत सोंठी के सभी पंच और शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थित रही। आभार प्रकट प्राचार्य जेठे मैम ने किया।

### शिव मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं पौधरोपण



**पेंड्रा।** भारत विकास परिषद पेंड्रा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से शिव मंदिर छपरा टोला कुड़कई में गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं व्यास पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची शामिल हुए। इस मौके पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आश्रम में आम एवं आंवले के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में स्वामी राघवेंद्राचार्य महाराज, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष मोहनी शंकर तिवारी, कीर्ति कश्यप, मनीराम, समयलाल मिश्रा, नत्थू प्रसाद गुप्ता, अमरेश तिवारी, महेश मिश्रा, सियाराम कश्यप, के बाबूलाल पाण्डेय, अंबिका मिश्रा, मधुर तिवारी, प्रिया त्रिवेदी, रंजना मधुर तिवारी, रुखमणि तिवारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एबीवीपी ने जिले के मेधावी छात्र छात्राओं का किया सम्मान



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पेंड्रा की ओर से जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह मल्टीपरपज स्कूल के असेंबली हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें जिले भर 10वीं और 12वीं के टॉपर्स का सम्मान किया गया।

- नई कार्यकारिणी की घोषणा, फिर नगर मंत्री बने श्रेयांस

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष समीरा पैंकरा रही एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल और समाजसेवी रितेश फरमानिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सौरभ साहू एवं मंच का संचालन गौरेला नगर मंत्री रूपा सेन ने किया रितेश फरमानिया ने कहा कि एबीवीपी कोई राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि छात्रों के हित में काम करने वाला संगठन है। मुझे गर्व है कि मैं एबीवीपी का कार्यकर्ता रहा हूं। एडिशनल एसपी ओम चंदेल ने कहा कि यह मात्र परिषद नहीं बल्कि परिवार है, यह व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण करने वाला संगठन है। सभी छात्रों को इससे जरूर जुड़ना चाहिए। परिषद वक्ता डॉ विकास पाण्डेय ने पिछले 77 वर्षों में एबीवीपी के इतिहास को सभी के समक्ष रखा। मुख्य अतिथि समीरा पैकरा ने कहा कि मुझे भी यह सौभाग्य मिला कि मैं एबीवीपी की कार्यकर्ता रही, जिसमें मैंने यह जाना कि यह राष्ट्र निर्माण की कार्यशाला है। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें श्रेयांश पाण्डेय को पुनः पेंड्रा का नगर मंत्री बनाया गया। साथ ही नगर सह मंत्री के नंदनी सिंह राठौड़, विभव नामदेव और आदित्य चतुर्वेदी बने। मल्टीपरपज विद्यालय कार्यकारिणी में अध्यक्ष तुषार सेन उपाध्यक्ष महेंद्र, श्रेयांस और मंत्री वीरेंद्र राठौड़ को बनाया गया। कार्यकारिणी घोषणा में प्रमुख रूप से जिला संयोजक स्नेहा अग्रहरि, शुभम पाठक, विकास त्यागी,अमर गुप्ता, संदीप सिंघई सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बस के सामने आ गई बाइक, बचाने के चक्कर में पलट गई बस, एक की मौत

**कोरबा।** एक यात्री बस सवारी लेकर जा रही थी कि बस के सामने अचानक एक बाइक आ गई जिससे बस चालक ने बचाने का प्रयास किया लेकिन उसके बाद भी बाइक चालक उसकी चपेट में आ गया और बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई और बस सड़क से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी को मामूली चोट आएगी आई है ज्यादातर लोग अपने-अपने घर पहुंच गए हैं। मामला जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र पसान थाना क्षेत्र की है। पसान थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिपरिया से बस क्रमांक सीजी 10 एटी 6023 सवारी लेकर पेंड्रा के लिए रवाना हुई थी। देर शाम लगभग 6 बजे के आसपास बस पिपरिया से सिर्री के बीच पहुंची थी कि तेज रफ्तार बस के सामने से अचानक एक बाइक सवार आ गया और बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई और बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए बस सीधे पलट गई। हादसे के होते ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। जबकि बस में सवार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पसान थाना प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इस सड़क हादसे में लगभग एक दर्जन लोगों को मामूली चोट आयी है जबकि एक युवक की मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक देर शाम होने की वजह से मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी भेज दिया है।

- दूरस्थ वनांचल क्षेत्र पसान थाना क्षेत्र के पिपरिया सिर्री के बीच देर शाम हुआ हादसा

# अनियमितता को लेकर 3 केन्द्रों में खाद बिक्री पर प्रतिबंध



**मुंगेली।** उर्वरक विक्रय में अनियमितता पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 केन्द्रों में उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया। कृषि विभाग रायपुर के संचालक राहुल देव के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में कृषि विभाग की ओर से खाद-बीज की निर्बाध रूप से आपूर्ति हेतु जिले के विभिन्न कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

कृषि विभाग के उपसंचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि प्राप्त निर्देश के परिपालन में निरीक्षण में जायसवाल कृषि केन्द्र एवं ट्रेडर्स औराबांधा, अमन कृषि केन्द्र लछनपुर, नारायण ट्रेडर्स सारधा, राठौर कृषि केन्द्र सारधा, हरिओम कृषि केन्द्र हरदी, जानकी खाद भंडार झोंका, साहू कृषि केन्द्र भटगांव, बालाजी ट्रेडर्स रीवापार, मां शैलपुत्री कृषि केन्द्र कोदवाबानी, सोनकर कृषि केन्द्र ठकुरीकापा, वैभव कृषि केन्द्र भटगांव, हेमंत कृषि केन्द्र भटगांव और साहू कृषि केन्द्र लौदा को उर्वरक विक्रय में अनियमितता पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 केन्द्रों के उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया।

जिला निरीक्षक मनहरण कुर्रे ने बताया कि 7 उर्वरक का नमूना लिया गया और निर्धारित मूल्य एवं पॉस मशीन से ही उर्वरक का विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही केन्द्रों में मूल्य सूची, स्टॉक की जानकारी प्रदर्शित करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग की सहायक संचालक ललिता मरावी, निरीक्षक राजेश साहू, योगेश दुबे और उमेश दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय बैठक

# जर्जर सड़क, यातायात व नशाखोरी पर चर्चा



बैठक में शामिल पुलिस अफसर व जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर जरहागांव थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा एवं सायबर सेल की टीम ने नगर पंचायत बरेला में जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से एक विशेष बेठक आयोजित की। बैठक में नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, सीएमओ नरेश महिष सहित पार्षदों ने अपने विचार व्यक्त किए। नरेश पटेल ने बताया कि बरेला पेट्रोल पंप से लेकर मनियारी पुल तक एनएच सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। साथ ही नगर में बिजली की अत्यधिक कटौती से जनता परेशान है, जिस पर जिला प्रशासन को एक्शन लेने की आवश्यकता है। साथ कहा गया कि पुलिस प्रशासन नश के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे ताकि लोग नशे से दूर रहें।

### अभिभावक ही रोक सकते हैं बच्चों के बढ़ते गलत कदमः पैकरा

बैठक के दौरान थाना प्रभारी नन्दलाल पैकरा ने कहा कि आज के पीढ़ी के बच्चों को आधुनिक संसाधन मोबाइल, बाइक आदि 18 वर्ष होने के बाद ही उपलब्ध कराएं, ताकि वे किसी तरह से गलत दिशा की ओर जाने से बच सकें। इसके लिए अभिभावकों को जागरूक होना आवश्यक है। यातायात नियमों का पालन करने एवं समाज में बढ़ रही कुरीतियों पर रोक लगाने नगर प्रशासन के साथ आम जनता का सहयोग भी आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सरपंच कृष्णा यादव, नोहर सिंह ठाकुर, पार्षद नितेश पटेल, बबलू पटेल, रमेश पटेल, हीरालाल पटेल, पवन पटेल, सुनीता विजय दीवान, प्रदीप धुरी, संजय कुमार धुरी, शेख जैनुल, विवेकदीप सेमरिया, जगदीश साहू, भगेला धुरी, राजकुमार साहू, पिंकी गजानंद निर्मलकर, संजय निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

# दो वर्षों में सर्प मित्र दल ने किया 586 से अधिक सांपों का रेस्क्यू

**लोरमी।** वन विभाग द्वारा गठित सांप रेस्क्यू टीम ने जान जोखिम में डाल कर विगत दो वर्षों में क्षेत्र से सैकड़ों से अधिक जहरीले सांपों का रेस्क्यू कर जंगलों में सुरक्षित छोड़ा है।



सांप मित्र दल ने पिछले दो वर्षों में 586 से अधिक जहरीले सांपों एवं लगभग 50 कब्रबिज्जू एवं घायल बंदरो का उपचार कराया। जानकारी के अनुसार कलेक्टर के निर्देश पर विगत दो वर्ष पूर्व वन विभाग ने सर्प रेस्क्यू टीम का गठन किया था, जिसका प्रभारी डिप्टी रेंजर सबित ध्रुव एवं ललित बंजारे वनरक्षक को बनाया गया। टीम के मुख्य किरदार भृत्य प्रदीप ढीमर व सुरेश यादव हैं, जिन्होंनेएक हजार से अधिक सांपों को सुरक्षित पकड़कर जंगलों में रिलीव किया है। ज्ञात हो कि कलेक्टोरेट में शिकायत कक्ष बनाया गया है, जिसमें सूचना देने पर लोरमी विखं क्षेत्र की 144 पंचायत में सेवारत कर्मचारी पहुंचकर सांपों को पकड़ते है। उन्होंने ने बताया कि क्षेत्र ग्राम सरईपतेरा में सबसे ज्यादा जहरीले सर्प पकड़ने का रिकार्ड है। इससे न सिर्फ सांप को जीवनदान मिल रहा है, बल्कि खतरे में पड़े विभन्न सांपो की प्रजातियों को सुरक्षित भी किया जा रहा है। इससे मनुष्य और सांप के बीच संघर्ष की रोकथाम में भी सहायता मिल रही है। विभाग ने बताया कि वर्ष 2024 में 270 कोबरा, 85 करैत, 23 सरदंगिया, 43 अजगर, 27 अहिराज सहित 448 सांपो को पकड़ा गया है। साथ ही 34 कब्रबिज्जू को रेस्क्यू किया गया है।